

पेज नं 4 ... मतदाता जागरूकता अभियान के तहत रंगोली प्रतियोगता आयोजित

RNI NO. MPHIN38290 (TC)
संपादक : ऐश्वर्य शर्मा ( पवन )

# मालवा फर्स्ट

## MALWA FIRST

स्वाभिमान ही हमारा अभिमान है

Periodicity- Weekly

नीमच, बुधवार
17 अप्रैल 2024
वर्ष 02, अंक 03, - मूल्य 02 रूपए

E-mail: nmh.pawan@gmail.com
Contact: 9407423966, 8770664866

Commodity: Gold 73,268 Silver 91,236 Crude Oil 6,967 Natural Gas 223.40 Aluminium 238.05 Copper 844.05

**खास खबर**

### ब्रेजा कार पूरी तरह से जलकर हुई खाक

**सिंगोली**।16 अप्रैल मंगलवार को एक ब्रेजा कार में अचानक लगी आग के कारण कार पूरी तरह से जलकर खाक हो गई।उल्लेखनीय है कि इन दिनों क्षेत्र में फसल कटाई के बाद से खेत खलिहान खाली हो गए हैं और खेतों में किसानों की आवाजाही भी लगभग बंद हो गई है जिसका फायदा उठाकर मिट्टी माफिया अवैध रूप से मिट्टी का खनन करने पर लगे हुए हैं। मिट्टी खनन हेतु जेसीबी के लिए बड़ी मात्रा में डीजल भरकर विभिन्न वाहनों से ले जाया जाता है जिससे कई बार वाहनों में स्पार्किंग या तेज धूप के कारण आग भी लग जाती है।ऐसा ही वाकया सिंगोली थाना क्षेत्र के ग्राम मोटियार्डा में मंगलवार की दोपहर में वदेखने को मिला जब एक व्यक्ति अवैध मिट्टी खनन हेतु जेसीबी के लिए अपनी ब्रेजा कार में डीजल भरकर ले जा रहा था तब ही रास्ते में एक खेत में कार गर्म हो गई तो वह व्यक्ति और उसके अन्य साथी कार से नीचे उतर गए

## महाष्टमी पर समाजसेवी अरूल अरोरा ने महामाया भादवामाता को लगाया महाप्रसादी का भोग, हजारों भक्तों ने उठाया लाभ





**नीमच**। महाष्टमी पर्व पर मंगलवार को अलसुबह से लेकर देर रात तक मालवा की वैष्णोदेवी के नाम से प्रसिद्ध महामाया भादवा के दर्शन के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। मां भादवा के परम भक्त अरूल अशोक अरोरा गंगानगर द्वारा इस पावन पर्व पर 75 क्विंटल साबूदाना खिचडी वितरण का कार्यक्रम रखा गया। सबसे पहले महामाया भादवा को खिचडी की प्रसाद का भोग लगाया गया और इसके बाद में खिचडी वितरण कार्यक्रम की शुरूआत हुई। समाजसेवी अशोक अरोरा और उनके सुपुत्र अरूल अरोरा गंगानगर ने भक्तों को अपने हाथों से खिचडी वितरित की। दोपरह से देर रात तक भक्तों को प्रसादी वितरित की गई। साथ ही समाजसेवी श्री अरोरा ने भादवामाता के दिव्य मंदिर निर्माण का जायजा लिया। छत स्तर का कार्य पूर्ण हो चुका है। अब नक्कासी और अन्य कार्य शुरू होंगे। इस अवसर पर एसडीएम डॉ. ममता खेडे और मंदिर समिति के प्रबंधक अजय ऐरन से भी चर्चा हुई। पूरे दिनभर एसडीएम श्रीमति खेडे मौजूद रही।

## प्रथम चरण के 6 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 99 प्रतिशत से अधिक मतदाता पर्ची वितरित

**भोपाल**। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने बताया है कि जिन 6 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में प्रथम चरण में 19 अप्रैल को मतदान होना है, वहाँ 99 प्रतिशत से अधिक मतदाताओं को मतदाता पर्ची वितरित की जा चुकी हैं। मतदाता पर्ची में क्यूआर कोड भी है। प्रथम चरण में 6 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र सीधी, शहडोल (अजजा), जबलपुर, मण्डला (अजजा), बालाघाट और छिन्दवाड़ा में 19 अप्रैल को मतदान होगा। यहाँ पर कुल मतदाता एक करोड़ 13 लाख 9 हजार 638 है।

इनमें से एक करोड़ 12 लाख 18 हजार 550 मतदाताओं को क्यू आर कोड युक्त मतदाता पर्ची वितरित की जा चुकी है। दूसरे चरण में जिन 7 संसदीय क्षेत्रों में मतदान होना है, वहाँ पर भी मतदाता पर्ची का वितरण शुरू हो चुका है।

प्रदेश के सभी मतदाताओं को क्यूआर कोड वाली मतदाता सूचना पर्ची का वितरण किया जा रहा है।

क्यूआर कोड वाली मतदाता सूचना पर्ची के माध्यम से मतदाता अपने मतदान केन्द्र का नाम, क्रमांक, राज्य औरजिले का हेल्पलाइन नम्बर जैसी महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त कर सकेंगे।

## सभी मतदान केन्द्रों पर मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करें-श्री जैन



**कलेक्टर श्री जैन ने ई-मतदाता शपथ प्रमाण पत्र वितरित किए**

**नीमच**। लोक सभा निर्वाचन 2024 के तहत कलेक्टर दिनेश जैन ने ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता गतिविधियां, सभी मतदान केन्?द्रों के यूजनेबल की स्थिति,एफएसटी, एसएसटी की कार्यवाही एवं ड्यूटी व्यवस्था, सी-विजिल डाउनलोड करनाआदि की समीक्षा की। कलेक्टर श्री जैन ने ई-मतदाता शपथ प्रमाण पत्र भी वितरित कर, मतदाता जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से मतदान प्रतिशत को बढाने की बात भी कही। कलेक्टर श्री जैन ने सभी नगरीय निकायों, जनपदों, ग्राम पंचायतों के माध्यम से मतदान केन्द्रों पर बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही मतदान दलों के कर्मचारियों के लिए भी सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को मतदाता जागरूकता के तहत नैतिक मतदान करने की शपथ दिलाई।

जिला पंचायत सीईओ श्री गुरूप्रसाद एवं विभिन्न विभागों के जिला अधिकारियों ने ई-मतदाता शपथ प्रमाण पत्र डाउनलोड किये। बैठक में जिला पंचायत सीईओं श्री गुरूप्रसाद, एडीएम श्रीमती लक्ष्मी गामड़, संयुक्त कलेक्टर श्री राजेश साह, सुश्री प्रिती संघवी, डिप्टी कलेक्टर सुश्री किरण आंजना, सुश्री मयूरी जोक, श्री चन्द्रसिंह धार्वे, सभी एसडीएम, जनपद सीईओं एवं सीएमओं एवं जिला अधिकारी उपस्थित थे।

## म.प्र.जनअभियान परिषद की नवांकुर संस्था आकांक्षा वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा मतदान के प्रति जागरूक कर दिलाई शपथ



**नीमच**। लोकसभा निर्वाचन 2024 के स्वीप प्लान अंतगर्त नीमच जिला निर्वाचन अधिकारी कलेक्टर दिनेश जैन एवं नोडल अधिकारी स्वीप जिला पंचायत सीईओ गुरु प्रसाद के निर्देशानुसार तथा मप्र जनअभियान परिषद के जिला समन्वयक विरेन्द्र सिंह ठाकुर के आदेश अनुसार नवांकुर संस्था आकांक्षा वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति भाटखेडा में मतदाता जागरूकता गतिविधि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें फाउंडेशन के सदस्य द्वारा सभी लोगों को लोकसभा निर्वाचन में अपने मताधिकार का उपयोग करने व अधिक से अधिक मतदान करने हेतु समझाईश देते हुए बताया की 1अप्रैल को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवा मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाकर मतदान करे। साथ ही मतदान का महत्व और उपयोगिता बताते हुए लोगों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने एवं अपने क्षेत्र में शत प्रतिशत मतदान करने के प्रति जागरूक कर मतदान करने हेतु शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर नवांकुर संस्था आकांक्षा वेलफेयर फाउंडेशन की सेक्टर प्रभारी रेखा जाटव व ग्रामीण उपस्थित रहें।

## अज्ञात कारणों के चलते 19 वर्षीय युवक ने फांसी का फंदा लगाकर की आत्महत्या



**नीमच**। सिटी थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले धीरेंद्र सोया लेबर क्वार्टर में सोमवार मंगलवार की मध्य रात्रि एक 19 वर्षीय मजदूर युवक ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली,जिसकी जानकारी अन्य लेबर को तब लगी जब वह मंगलवार सुबह उक्त युवक को काम पर ले जाने के लिए कमरे का दरवाजा खटखटा रहे थे परंतु काफी देर तक जब अंदर से कोई आवाज नहीं आई तो वहां मौजूद मजदूरों ने खिड़की में झांक कर देखा तो मजदूर फांसी के फंदे पर झूलता हुआ पाया गया।इसके बाद दरवाजा तोड़कर मृतक युवक का शव फंदे से नीचे उतारा गया। और घटना की जानकारी पुलिस को दी गई, सूचना पर सिटी पुलिस मौके पर पहुंची और मौके का पंचनामा बनाकर म्रतक के शव को जिला चिकित्सालय लाया गया जहां चिकित्सकों ने उसकी मौत की पुष्टि की इसके बाद सिटी पुलिस ने मृतक के शव का परीक्षण कराकर शव परिजनों को सोपा। जिला अस्पताल से मिली जानकारी के अनुसार अंजीत कुमार पिता महिन्द्र सदा उम्र 19 वर्ष जाती मुसहर मूल निवासी ग्राम शहीदपुर थाना मानसी जिला खगड़िया बिहार वर्तमान निवासी भटखेड़ा चोरहा धीरेंद्र सोया प्लांट लेबर क्वाटर मैं रहकर धीरेंद्र सोया प्लांट में मजदूरी का कार्य करता था ने अज्ञात कारणों के चलते लेबर क्वार्टर स्थित अपने ही कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी।

उक्त मामले में सिटी पुलिस ने मर्ग कायम कर आगे की जांच प्रारंभ की है।

## यादव प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजन 9 जून को

**यादव महासभा ने प्रविष्टि भेजने की लिए की अपील**

**नीमच**। यादव समाज में कई बहुमुखी प्रतिभाएं हैं जो की शैक्षणिक, सांस्कृतिक व खेलकूद के क्षेत्र सहित सामाजिक गतिविधियों में अपनी उत्कृष्ट प्रदर्शन का परिचय दे रही हैं ऐसी ही प्रतिभाओं को सम्मानित करने की योजना यादव महासभा की सामान्य बैठक में आज लिया गया जानकारी देते हुए यादव युवा सभा अध्यक्ष शशि सिकोदा ने बताया कि यादव महासभा की एक महत्वपूर्ण बैठक आज यादव महासभा के अध्यक्ष पवन कूंगर के नेतृत्व में स्थानीय गांधी वाटिका में आयोजित हुई बैठक में समाज के कई वरिष्ठजन और युवाजन शामिल रहे जिन्होंने निर्णय लिया कि आगामी 9 जून 2024 रविवार को अखिल भारतीय यादव प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा आयोजन में आठवीं, दसवीं, बारहवीं, स्नातक, स्नातकोत्तर कक्षाओं में 60त्न से अधिक अंक लाने वाली प्रतिभाओं के साथ जिला, राज्य या राष्ट्रीय स्तर पर खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभाओं, साथ ही विगत 2 वर्षों में शासकीय या मल्टीनेशनल कंपनी में अच्छे स्थान पाने वाली प्रतिभाओं सहित विभिन्न सामाजिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा।

यादव उत्सव समिति अध्यक्ष धर्मेंद्र कुंगर ने समाज के सभी समाज जनों से अपील की है कि ऐसी प्रतिभाओं को सम्मानित करने के लिए उनके आवश्यक दस्तावेज सहित प्रविष्टियां यादव महासभा के पदाधिकारी को प्राप्त करवाए ।

## जनसंपर्क के दौरान भाजपा प्रत्याशी सुधीर गुप्ता ने कहा महिलाओं को लखपति दीदी बनाकर सशक्त बनाएंगे

**सुधीर गुप्ता ने पिपलोदा मंडल के ग्रामों में सघन जनसंपर्क किया**



**मंदसौर**। पिछले 10 वर्ष, नारी गरिमा, नारी को नए अवसरों को समर्पित रहे हैं, आने वाले 5 वर्ष नारीशक्ति की नई भागीदारी के होंगे मुफ्त राशन की योजना आने वाले 5 साल तक जारी रहेगी। एक करोड़ ग्रामीण महिलाओं को लखपति दीदी बनाकर सशक्त किया है. अब हम तीन करोड़ ग्रामीण महिलाओं को लखपति दीदी बनाएंगे। उक्त बात भाजपा प्रत्याशी व क्षेत्रिय सांसद सुधीर गुप्ता ने जावरा विधानसभा के पिपलोदा मंडल के विभिन्न ग्रामों में जनसपर्क के दौरान कही।

सोमवार को भाजपा प्रत्याशी सुधीर गुप्ता ने जावरा विधानसभा के ग्राम गुर्जर अरनिया , हसन पालिया, आकतवासा, सोनगढ, कचंनखेडी, अंगेटी,, हतनारा, नांदलेटा, मंचुन, आम्बा, पुनियाखेडी माताजी, गुडरखेडा, शेरपुर, सरसाना , गणेशगंज, कमलाखेडा, बडोदा, बडायला माताजी, बोरखेडा, उपरवाडा, बरगढ, चौरासी बडायल में जनसंपर्क एक बार फिर मोदी सरकार बनाने की अपील की। सांसद गुप्ता ने कहा कि यह सरकार गरीब, गांव, और समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को समर्पित है। उसी को कार्यरूप देते हुए 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने इन सारे आयामों को आगे बढ़ाने का काम किया है। 70 वर्ष की आयु से ऊपर के हर बुजुर्ग को आयुष्मान योजना के दायरे में लाया जाएगा। चाहे वो गरीब हो, मध्यम वर्ग का हो या फिर उच्च मध्यम वर्ग से ही क्यों न हो, उन्हें 5 लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज की सुविधा मिलेगी। इसी के साथ ही जो भी आवासो से वंचित है उन्है पक्के घर देकर सपनों को पूरा किया जाएगा।

सुधीर गुप्ता ने कहा कि 2 हजार करोड़ की माही जल समूह योजना का लाभ क्षेत्र को मिलने वाला है। बच्चें आधुनिक शिक्षा ग्रहण कर देश, समाज के साथ गांव का नाम रोशन करे इसके लिए क्षेत्र के नांदलेटा और माउखेडी में पीएमश्री स्कूल की सौगात मिली। 5 हजार से अधिक आवास पिपलोदा क्षेत्र में पूर्ण हुए है। 25 हजार से अधिक शौचालयों का निर्माण हुआ है। आवागमन सुलभ हो इसके लिए प्रत्येक ग्राम को प्रधानमंत्री सड़क योजना से जोड़ा है। इसी के साथ ही जावरा उज्जैन फोरलेन स्वीकृत है जिसका लाभ क्षेत्रवासियों को मिलेगा। सांसद गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस की सरकार ने ना तो गरीबों की सूध ली ना ही महिला, युवाओं की। इनके उत्थान के लिए कोई भी योजना नही बनी। इस अवसर पर सभी पदाधिकारी, मंडल व मोर्चा के पदाधिकारी, कार्यकर्तागण व गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## कैरियर गाइडेंस शिविर संपन्न, मंदसौर नीमच जिले के छात्र-छात्राओं ने लिया बढ़-चढ़कर भाग



**नीमच**। केरियर गाइडेंस शिविर से समाज के युवाओं को एक नई दिशा मिलती है।छात्र-छात्राओं को किस दिशा में जाना है उसकी जानकारी भी मिलती है ऐसे आयोजन कर्ताओ को बहुत-बहुत बधाई शुभकामनाएं देता हूं उक्त बात अखिल भारतीय पोरवाल महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकेश पोरवाल ने कही, उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन से निश्चित समाज के युवा आगे बढ़ेंगे कार्यक्रम के आयोजन महासभा के महामंत्री मांगीलाल सेठिया युवा संगठन के उपाध्यक्ष नरेन्द्र उदीया प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदीपघाटिया जिला अध्यक्ष जगदीश घटिया एवं उनकी पूरी टीम बधाई की पात्र है उक्त कार्यक्रम अखिल भारतीय पोरवाल महासभा एवं अखिल भारतीय पोरवाल युवा संगठन के संयुक्त तत्वाधान में दूसरी बार पशुपतिनाथ की पावन नगरी मंदसौर में पोरवाल छात्रावास में पोरवाल समाज के युवाओं के लिए कैरियर गाइडेंस के शिविर का सफलतापूर्वक संपन्न हुआ श्याम मुजाविदया एवं नेहा मुजाविदया दुबई ने छात्र-छात्राओं को 10वीं एवं 12वीं उत्तीर्ण करने के बाद किस दिशा में अपने कदम बढ़ाना चाहते हैं उसके लिए गाइडेंस किया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बतौर अखिल भारतीय पोरवाल महासभा के संरक्षक बंसीलाल धनोतिया राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकेश पोरवाल, पोरवाल चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष जगदीश चौधरी मंदसौर युवा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोविंद डबकरा पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र सधवी अखिल भारतीय पोरवाल महासभा का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रामगोपाल घाटिया ऐरआवआलआ ट्रस्ट के उपाध्यक्ष सुरेश धनोतिया युवा संगठन प्रदेश अध्यक्ष अशोक मुजाविदया देवास पोरवाल बैंक कार्यकारी अध्यक्ष देवीलाल फरकीय रामचंद्र पोरवाल अध्यक्ष पोरवाल समाज सुवासरा महेंद्र मुजाविदया मंदसौर गोविंद मुजावदिया प्रदेश अध्यक्ष पंकज पोरवाल नागदा पोरवाल समाज सीतामऊ अध्यक्ष मुकेश कारा समाजसेवी देवेंद्र मरचया एडवोकेट जिला अध्यक्ष गौरव मादलिया ट्रस्ट के संचालक क्रषनकानत मोदी मंदसौर अतिथि बताओ उपस्थित थे सर्वप्रथम ताजा टोडरमल की मां सरस्वती के चित्र पर मालिया पर की प्रचलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया उक्त कार्यक्रम में नीमच मंदसौर जिले के छात्र छात्राओं ने भाग लिया।समाजसेवी देवेंद्र मरचया एडवोकेट दारा उपस्थित विद्यार्थियों में से प्रथम द्वितीय और तृतीय को पुरस्कार दिया गया।कार्यक्रम का संचालन नेहा सर्राफ शामगढ़ ने किया एव आभार अखिल भारतीय पोरवाल महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री मांगीलाल सेठिया द्वारा व्यक्त किया गया।

Email: nmh.pawan@gmail.com
Contact: 9407423966, 8770664886

# मैच के दौरान हो जाता बड़ा हादसा, ऋषभ पंत का बल्ला कर देता केएल राहुल को घायल; बाल-बाल बचे लखनऊ के कप्तान



**ऋषभ पंत की कप्तानी वाली दिल्ली कैपिटल्स ने लखनऊ सुपर जायंट्स को 6 विकेट से धूल चटाई। इस मैच में पंत के बल्ले से कुल 41 रन निकले। मैच के दौरान लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान केएल राहुल चोटिल होने से बाल-बाल बच गए। पंत के हाथ से बैटिंग क दौरान उनका बल्ला छूट गया था जो सीधा केएल राहुल को जाकर लग सकता था लेकिन राहुल बच गए।**

**नई दिल्ली।** ऋषभ पंत के नेतृत्व वाली दिल्ली कैपिटल्स को आईपीएल 2024 में अपनी दूसरी जीत दर्ज की। 12 अप्रैल को दिल्ली कैपिटल्स ने लखनऊ सुपर जायंट्स को 6 विकेट से धूल चटाई। इस मैच में दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत ने 24 गेंदों पर 41 रन की पारी खेली।

पंत ने लखनऊ के इकाना स्टेडियम में चौके-छक्कों की बरसात की। 170 के स्ट्राइक रेट से ऋषभ पंत ने 4 चौके और 2 छक्के जड़े। इस मैच के दौरान पंत का एक वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वह बड़ा शॉट मारना चाह रहे थे, लेकिन इस दौरान उनके हाथ से बल्ला छूट गया, जिससे केएल राहुल घायल होने से बाल-बाल बच गए।

**Rishabh Pant के हाथ से फिसला बैट, KL Rahul हो जाते घायल**

दरअसल, सोशल मीडिया पर दिल्ली कैपिटल्स (Delhi Capitals) के कप्तान ऋषभ पंत का एक वीडियो वायरल हो रहा है। ये घटना दिल्ली कैपिटल्स की पारी के 16वें ओवर की है, जिसमें लखनऊ सुपर जायंट्स के लेग स्पिनर रवि बिश्नोई ओवर डाल रहे है। ऋषभ पंत 16वें ओवर की तीसरी गेंद पर एक बड़ा शॉट खेलने के चक्कर में क्रीज से बाहर निकलते है, लेकिन तभी उनके हाथ से उनका बैट फिसल जाता हैं।

उनका बैट सीधा विकेटकीपिंग कर रहे केएल राहुल की तरफ से चले जाता है, लेकिन राहुल ने खुद को बचाते हुए तुरंत पंत को स्टंप आउट कर दिया। इस दौरान पंत के बैट से राहुल इंजर्ड होने से बच गए और लखनऊ को पंत का विकेट भी मिल गया। अगर बैट का निचला हिस्सा राहुल के लगता तो हो सकता था कि कोई बड़ा हादसा हो जाता।

# उसने मेरे सिर पर कैसे मारी बॉल, इसको मैं इतना मारूंगा विराट कोहली ने ऐसा किस गेंदबाज के लिए बोला



**विराट कोहली फिलहाल आईपीएल 2024 में व्यस्त हैं। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए खेलते हुए विराट कोहली ने दो अर्धशतक और एक अर्धशतक की मदद से टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाए हैं। हालांकि आरसीबी का हाल बेहद खराब है। वह प्वाइंट्स टेबल में 10वें पायदान पर है। इस बीच दुनिया के महान बल्लेबाजों में से एक बल्लेबाज विराट कोहली ने ऑस्ट्रेलिया दौरे का एक किस्सा याद किया।**

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया में भारत की 2014-15 की टेस्ट सीरीज विराट कोहली के लिए बहुत यादगार रही है। वह न केवल बल्ले से चमके बल्कि दौरे के दौरान एमएस धोनी के टेस्ट से संन्यास लेने के बाद कोहली कप्तान भी बने थे। कोहली चार मैच की टेस्ट सीरीज में 692 रन के साथ भारतीय टीम के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे थे। ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ के 769 रन बनाए थे।

कोहली ने पहले टेस्ट की दोनों पारियों में एक-एक शतक लगाया था। ब्रिस्बेन के गाबा में अगले मैच में कोहली बड़ी पारी खेलने से चूक गए थे, लेकिन इसके बाद तीसरे और अंतिम टेस्ट मैचों में मेलबर्न और सिडनी में एक-एक शतक के साथ उन्होंने अच्छी वापसी की।

**विराट कोहली ने याद किया किस्सा**

हम ऑस्ट्रेलिया दौरे और विराट कोहली की बात इसलिए कर रहे हैं क्योंकि, सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें कोहली सीरीज और ऑस्ट्रेलिया के तत्कालीन तेज गेंदबाज मिचेल जॉनसन के साथ हुए झगड़े को याद करते हुए दिखे।

**मिचेल जॉनसन से हुआ था झगड़ा**

वायरल वीडियो में विराट कोहली को यह कहते हुए सुना जा सकता है, टेस्ट के पहले 60 दिनों तक मैंने यही सोचा था कि जॉनसन को ऐसे खेलूंगा, वैसे खेलूंगा, लेकिन मैच के दौरान जॉनसन की पहली गेंद मेरे सिर पर लगी। उस वक्त पूरी योजनाओं पर पानी फिर गया। मेरी बाईं आंख में सूजन आ गई, लेकिन मैंने उस समय इस पर ध्यान नहीं दिया।

**मैं इसको इतना मारूंगा**

कोहली ने आगे कहा, लंच पर जब ड्रेसिंग में गए तो मैंने ये नहीं सोचा कि वापस जाकर मैं ये करूंगा वो करूंगा। मेरे पास दो विकल्प थे फ्टाइट और फ्लाई के।

लेकिन में दिमाग में जो बात थी वह यह कि उसने मुझे सिर पर मारने की हिम्मत कैसे की? तो मैंने कहा इस सीरीज में मैं इसको इतना मारूंगा और मैंने वो किया।

# हाउसिंग सेल्स- जनवरी-मार्च तिमाही में कुल बिक्री में सस्ते घरों की हिस्सेदारी घटकर 22 प्रतिशत पर, जानिए क्या है रिपोर्ट में

**जनवरी से मार्च के दौरान 120640 आवास इकाइयों की कुल बिक्री में 25 लाख रुपये से कम कीमत वाले घरों की हिस्सेदारी पांच प्रतिशत थी। पिछले साल इसी अवधि में इस श्रेणी के घरों की बिक्री की हिस्सेदारी 15 प्रतिशत थी। जनवरी-मार्च 2024 के दौरान 25-45 लाख रुपये कीमत वाले घरों की हिस्सेदारी 17 प्रतिशत थी जबकि पिछले वर्ष की इसी अवधि में हिस्सेदारी 23 प्रतिशत थी।**

**नई दिल्ली।** लक्जरी फ्लैटों की मजबूत मांग के बीच देश के शीर्ष आठ शहरों में जनवरी-मार्च के दौरान कुल आवास बिक्री में किफायती घरों की हिस्सेदारी (जिनकी कीमत 45 लाख रुपये तक है) आधे से भी अधिक घटकर 22 प्रतिशत रह गई। कैलेंडर वर्ष 2023 की जनवरी-मार्च तिमाही में कुल आवास बिक्री में किफायती घरों की हिस्सेदारी 48 प्रतिशत थी। हाउसिंग ब्रोकरेज फर्म प्रॉपटाइगर.कॉम के आंकड़ों से पता चलता है कि जनवरी-मार्च 2024 के दौरान शीर्ष आठ शहरों में आवास की बिक्री 41 प्रतिशत बढ़कर 1,20,640 इकाई हो गई, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में 85,840 इकाई थी।

**महामारी के बाद महंगे घरों की बढ़ी बिक्री**

जनवरी से मार्च के दौरान 1,20,640 आवास इकाइयों की कुल बिक्री में 25 लाख रुपये से कम कीमत वाले घरों की हिस्सेदारी पांच प्रतिशत थी। पिछले साल इसी अवधि में इस श्रेणी के घरों की बिक्री की हिस्सेदारी 15 प्रतिशत थी। जनवरी-मार्च 2024 के दौरान 25-45 लाख रुपये कीमत वाले घरों की हिस्सेदारी 17 प्रतिशत थी, जबकि पिछले वर्ष की इसी अवधि में हिस्सेदारी 23 प्रतिशत थी।

प्रॉपटाइगर.कॉम ने अपनी त्रैमासिक रिपोर्ट रियल इनसाइट रेजिडेंशियल जनवरी-मार्च 2024 महामारी के बाद अधिक कीमत वाले घरों की बिक्री बढ़ी है। 2024 की पहली तिमाही में एक करोड़ रुपये और उससे अधिक कीमत वाली संपत्तियों की हिस्सेदारी बढ़कर 37 प्रतिशत हो गई है, जो 2023 की समान अवधि में 24 प्रतिशत से काफी अधिक है।

ंकड़ों के मुताबिक, समीक्षाधीन अवधि में कुल बिक्री में 45-75 लाख रुपये कीमत वाले घरों की हिस्सेदारी 26 प्रतिशत पर स्थिर रही।

कुल बिक्री में 75 लाख से एक करोड़ रुपये की लागत वाले घरों की हिस्सेदारी इस साल जनवरी-मार्च में बढ़कर 15 प्रतिशत हो गई, जो एक साल पहले की अवधि में 12 प्रतिशत थी।

**शामिल हैं ये शहर**

शीर्ष आठ शहर अहमदाबाद, बेंगलुरु, चेन्नई, दिल्ली- एनसीआर, हैदराबाद, कोलकाता, मुंबई मेट्रोपॉलिटन रीजन (एमएमआर) और पुणे हैं।

दिल्ली-एनसीआर में गाजियाबाद, फरीदाबाद, ग्रेटर नोएडा, नोएडा और गुरुग्राम शामिल हैं। एमएमआर में मुंबई, ठाणे और नवी मुंबई शामिल हैं।

# PM Mudra Loan: रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए मुद्रा का विस्तार

**भाजपा एक तरफ से इंफ्रास्ट्रक्चर और प्रौद्योगिक आधारित संगठित औद्योगिक क्षेत्रों को प्रोत्साहन दे कर पढ़े लिखे व प्रशिक्षित युवाओं को रोजगार देने का बात कर रही है तो दूसरी तरफ उद्यमिता को बढ़ाने का भी वादा किया है। भाजपा का एक बड़ा वादा यह है कि मुद्रा योजना के तहत कर्ज लेने की मौजूदा दस लाख रुपये की सीमा को बढ़ा कर 20 लाख रुपये कर किया जाएगा।**

**नई दिल्ली।** चुनावी गहमागहमी में बेरोजगारी के मुद्दे को गरम रखने की कोई भी कोशिश विपक्ष छोड़ नहीं रहा। ऐसे में भाजपा की तरफ से रविवार को जारी घोषणा पत्र रोजगार के मुद्दे पर जनता को भरोसा दिलाने की कोशिश है कि यह मुद्दा उसके लिए भी बहुत अहम है और अगर वह सत्ता में पुनः वापस आती है तो इस बारे में वह क्या कदम उठाने की मंशा रखती है।

भाजपा एक तरफ से इंफ्रास्ट्रक्चर और प्रौद्योगिक आधारित संगठित औद्योगिक क्षेत्रों को प्रोत्साहन दे कर पढ़े लिखे व प्रशिक्षित युवाओं को रोजगार देने का बात कर रही है तो दूसरी तरफ उद्यमिता को बढ़ाने का भी वादा किया है। भाजपा का एक बड़ा वादा यह है कि मुद्रा योजना के तहत कर्ज लेने की मौजूदा दस लाख रुपये की सीमा को बढ़ा कर 20 लाख रुपये कर किया जाएगा। यह सुविधा उन युवा उद्यमियों को मिलेगी जो समय पर कर्ज का भुगतान करते हैं।

कोविड महामारी के बाद से इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र में भारी भरकम निवेश कर रही भाजपा सरकार ने इस काम को आगे भी जारी रखने की बात कही है। इससे देश में सड़कों, बंदरगाहों आदि का निर्माण तो होता ही है लेकिन इसका दूसरा एक बड़ा फायदा रोजगार सृजन में होता है।

भाजपा ने असंगठित क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों में हो रही वृद्धि को पहचाना है और वादा किया है कि नये किस्म के उद्यमों में काम करने वाले कामगारों (गिग-वर्कर्स) का ई-श्रम पंजीकरण सुनिश्चित किया जाएगा ताकि उन्हें कई तरह की स्कीमों का लाभ मिल सके। रेहड़ी पटरी लगाने वालों के लिए शुरू की गई पीएम स्वनिधि योजना का विस्तार गांवों व कस्बों में फेरी लगाने वालों व घूम-घूम कर समान बेचने वालों के लिए भी होगा।

घोषणापत्र से यह भी स्पष्ट है कि बेरोजगारी को भाजपा एक बड़ा मुद्दा मानती है। क्योंकि इसके कई हिस्सों में पार्टी ने नये रोजगार के अवसर देने की भावी संभावनाओं पर बहुत प्रमुखता से उभारा। जैसे जब वर्ष 2030 तक भारत को इलेक्ट्रोनिक्स मैन्युफैक्चरिंग का हब बनाने की बात कही गई है वहां भी यह बताया गया है कि इससे रोजगार के अवसरों में बहुत ज्यादा वृद्धि होगी। पिछले 10 वर्षों में इस सेक्टर में देश में 100 अरब डॉलर का निवेश किया गया है और पार्टी का वादा है कि अगले पांच वर्षों मे इसमें तीन गुणा विस्तार होगा। जाहिर है कि इससे जितनी नौकरियां मिली हैं उसमें भी तीन गुणा वृद्धि होगी।

टेक्सटाइल उद्योग में सबसे ज्यादा रोजगार मिलता है। घोषणा पत्र ने कहा है कि कपड़ा उद्योग में रोजगार की असीमित संभावनाएं हैं और इस बारे में पिछले प्रयासों को और तेज किया जाएगा।

# विकेट के पीछे से बता रहे थे कि क्या काम कर रहा है हार्दिक पांड्या ने MI की हार के लिए CSK के 2 खिलाड़ियों को ठहराया जिम्मेदार



**मुंबई इंडियंस की टीम अपने घर में शर्मसार हुई। आईपीएल के एल क्लासिको कहे जाने वाले मुकाबले में मुंबई को वानखेड़े स्टेडियम पर चेन्नई सुपरकिंग्स के हाथों 20 रन की शिकस्त सहनी पड़ी। मुंबई इंडियंस की हार के लिए कप्तान हार्दिक पांड्या ने चेन्नई सुपरकिंग्स के दो खिलाड़ियों को जिम्मेदार ठहराया है। हार्दिक पांड्या ने जानें मैच के बाद क्या कहा।**

**नई दिल्ली।** मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपरकिंग्स के बीच भिड़ंत हो तो इसे आईपीएल में एल क्लासिको कहा जाता है। आईपीएल की दो सबसे सफल टीमों के बीच रविवार को वानखेड़े स्टेडियम पर भिड़ंत हुई, जिसमें मेहमान टीम ने 20 रन के अंतर से मैच जीतकर मेजबान टीम को होमग्राउंड पर शर्मसार कर दिया। मुंबई इंडियंस को रविवार को आईपीएल 2024 के 29वें मैच में चेन्नई सुपरकिंग्स के हाथों 20 रन की शिकस्त सहनी पड़ी। सीएसके ने पहले बल्लेबाजी करके 20 ओवर में 206/4 का स्कोर बनाया। जवाब में मुंबई इंडियंस की टीम 20 ओवर में 186/6 का स्कोर बना सकी। मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या ने मैच के बाद कहा कि लक्ष्य को हासिल किया जा सकता था, लेकिन दो खिलाड़ियों ने मैच का रुख पलटकर रख दिया।

**हार्दिक पांड्या ने क्या कहा**

निश्चित ही लक्ष्य हासिल किया जा सकता था। मगर सीएसके ने शानदार गेंदबाजी की और मथीश पथिराना दोनों टीमों के बीच का फर्क थे। सीएसके की योजना थी और उन्होंने बड़ी बाउंड्री का अच्छी तरह उपयोग किया। सीएसके को इसलिए भी सफलता मिली क्योंकि विकेट के पीछे से एक शख्स (एमएस धोनी) उनको बता रहा था कि क्या काम कर रहा है। गेंद थोड़ी रुककर आ रही थी और सीएसके मैच में आगे निकल गए। पथिराना के गेंदबाजी करने से पहले हम मैच में बने हुए थे।

शिवम दुबे के खिलाफ स्पिनर को लगाने की सोची, लेकिन इस पिच पर तेज गेंदबाजों को निशाना बनाना मुश्किल था। अब हम अपने अगले चार मुकाबले बाहर खेलेंगे। अगर हम स्मार्ट हुए तो जो लक्ष्य चाहते हैं, उसे हासिल कर लेंगे।

**मुंबई का अगला मुकाबला कब**

मुंबई इंडियंस की टीम इस समय छह मैचों में चार शिकस्त के साथ आईपीएल 2024 की प्वाइंट्स टेबल में आठवें स्थान पर काबिज है। हार्दिक पांड्या के नेतृत्व वाली मुंबई इंडियंस की अगली भिड़ंत गुरुवार को पंजाब किंग्स से मुल्लांपुर में होगी। एमआई की कोशिश जीत की पटरी पर लौटने की रहेगी, लेकिन उसके लिए पंजाब को उसके घर में मात देना आसान नहीं होगा।

SAVE TREE
SAVE
WATER

# राम दरबार रामनवमी पर घर की इस दिशा में लगाएं राम दरबार, जीवन में होगा खुशियों का आगमन

**चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि के दिन भगवान श्रीराम धरती पर अवतरित हुए थे। शास्त्रों के अनुसार श्री राम भगवान विष्णु के सातवें अवतार हैं। इसलिए रामनवमी ( 2024 ) के पर्व को अधिक उत्साह के साथ मनाया जाता है। इस दिन घर की उचित दिशा में राम दरबार की मूर्ति या तस्वीर लगाना शुभ होता है।**

**नई दिल्ली।** रामभक्त रामनवमी के पर्व का बेसब्री से इंतजार करते हैं। हर साल चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को रामनवमी का त्योहार मनाया जाता है। शास्त्रों की मानें तो चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को भगवान श्रीराम का जन्म हुआ था। इसलिए इस दिन को रामनवमी के रूप में मनाया जाता है। इस बार 17 अप्रैल को रामनवमी है। वास्तु शास्त्र के अनुसार, रामनवमी के शुभ अवसर पर घर में उचित दिशा में राम दरबार की प्रतिमा या मूर्ति स्थापित करने से साधक को जीवन में अपार खुशियां प्राप्त होती हैं और कई तरह के फायदे मिलते हैं। अगर आप भी रामनवमी पर घर में राम दरबार की प्रतिमा या मूर्ति विराजमान कर रहे हैं, तो आपको इस बात की जानकारी होनी चाहिए कि राम दरबार किस दिशा में लगाना शुभ होता है।

**इस दिशा में लगाएं राम दरबार**

वास्तु शास्त्र के अनुसार, राम दरबार की तस्वीर या मूर्ति घर की पूर्व दिशा में लगाना शुभ होता है। माना जाता है कि घर में राम दरबार उचित दिशा में लगाने से परिवार के सदस्यों के बीच सदैव सुख-शांति बनी रहती है। साथ ही वास्तु दोष से छुटकारा मिलता है। वास्तु शास्त्र में वर्णन किया गया है कि घर में उचित दिशा में राम दरबार की मूर्ति या तस्वीर लगाने से इंसान के जीवन की सभी तरह की समस्याएं खत्म होती हैं। श्रीराम दरबार में भगवान श्री राम पत्नी सीता, भाई लक्ष्मण और भक्त हनुमान के साथ बैठे हैं। यह दरबार भगवान राम के राज्य और उनके नियमों को दर्शाता है।

**राम दरबार की पूजा मिलते हैं फायदे**

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, राम दरबार की विधिपूर्वक पूजा करने से साधक को भगवान राम, मां सीता, भगवान लक्ष्मण के साथ-साथ हनुमान जी की भी कृपा प्राप्त होती है। साथ ही इंसान के बिगड़े हुए कार्य पूरे होने लगते हैं।

ऐसा माना जाता है कि रोजाना राम दरबार की पूजा करने से सुख- शांति की प्राप्ति होती है।

# वित्तीय संकट से जूझ रही इस कंपनी को बड़ा झटका, अब CEO ने दिया इस्तीफा



**नई दिल्ली।** भारी वित्तीय संकट और अंदरूनी खींचतान से जूझ रही बायजूज (BYJU'S) को एक और झटका लगा है। बायजूज इंडिया के सीईओ अर्जुन मोहन ने इस्तीफा दे दिया है। इसे बायजूज के भीतर गहराते संकट के संकेत तौर पर देखा जा रहा है।

**अर्जुन मोहन ने क्यों दिया इस्तीफा**

बायजूज ने बताया कि उसके सीईओ अर्जुन मोहन ने नए अवसरों की तलाश में इस्तीफा दिया है। अर्जुन सिर्फ सात महीने पहले ही बायजूज से जुड़े थे। अब वह बाहरी सलाहकार की भूमिका में रहेंगे। अर्जुन 2023 में 11 साल बाद (BYJU'S) के साथ दोबारा जुड़े थे। उन्होंने इससे पहले कंपनी में करीब 11 सालों तक काम किया था। फिर वह श्वत्रह्ड्डस्त्र में इंडिया बिजनेस के ष्टश्वह्र के तौर पर चले गए थे। अर्जुन मोहन ने एक किताब भी लिखी है, एजुकेटिंग ए बिलियन। बायजूज का कारोबार काफी घट गया है। उसने पिछले दिनों कई कर्मचारियों की छंटनी भी की है। अर्जुन के पद छोड़ने को भी इन्हीं सब चीजों से जोड़कर देखा जा रहा है।

**अब बायजूज का क्या होगा?**

अब अर्जुन मोहन के पद छोड़ने के बाद बायजूज के फाउंडर बायजू रवींद्रन बाद कंपनी के रोजमर्रा के कामकाज संभालेंगे। कंपनी ने अपने कारोबारी नजरिए में भी बड़े बदलाव की जानकारी दी है। अब वह सिर्फ तीन मुख्य सेगमेंट- लर्निंग ऐप, ऑनलाइन क्लासेज एंड ट्यूशन सेंटर और टेस्ट-प्रिपरेशन पर फोकस करेगी। इन तीनों ही सेगमेंट को अलग-अलग लीड करेंगे। उनका काम मुनाफा सुनिश्चित करने के लिए अपने-अपने सेगमेंट को स्वतंत्र तौर पर चलाना होगा।

बायजू रवींद्रन के मुताबिक, यह रिस्ट्रक्चरिंग BYJU'S 3.0 के आगाज की प्रतीक है। नए चरण में बायजूज AI-फर्स्ट प्रोडक्ट्स पर फोकस करेगी। कंपनी के मुताबिक, इन्हें ट्रायल के दौरान काफी सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है।

# प्रिटी वुमन, देखो-देखो ना... रामभक्त से लेकर धनश्री के पति चहल तक; एक फोटो के लिए क्रिकेटर्स में दिखा डिंपल गर्ल का क्रेज



**राजस्थान रॉयल्स और पंजाब किंग्स के मैच के बाद प्रीति जिंटा ने राजस्थान के कई खिलाड़ियों के साथ मुलाकात की। क्रिकेटर्स ने उनके साथ फोटो भी खिंचवाई। राजस्थान रॉयल्स के एक्स हैंडल ने इस मुलाकात की एक वीडियो क्लिप भी साझा की है। वीडियो में देखा जा सकता है कि प्रीति के साथ युजवेंद्र चहल राम भक्त कहने जाने वाले केशव महाराजतनुष कोटियान और कुछ युवा खिलाड़ियों ने फोटो खिंचवाई।**

**नई दिल्ली।** पंजाब किंग्स की मालकिन प्रीति जिंटा के साथ फोटो खिंचवाने के लिए आम क्रिकेट फैंस से लेकर क्रिकेटर्स तक बेताब रहते हैं। पंजाब किंग्स के मैच के दौरान ज्यादातर समय प्रीति अपनी टीम को चीयर करने स्टेडियम में होती हैं। मैच से पहले और बाद में वो ना सिर्फ अपनी टीम के खिलाड़ियों से बल्कि विपक्षी टीमों के क्रिकेटर्स के साथ भी मुलाकात करतीं हैं। शनिवार (13 अप्रैल) को पंजाब किंग्स का मुकाबला राजस्थान रॉयल्स के साथ था। इस मैच को राजस्थान ने तीन विकेट से जीत लिया।


**राजस्थान के युवा खिलाड़ियों ने प्रीति के साथ की मुलाकात**

मैच खत्म होने के बाद प्रीति ने राजस्थान के कई खिलाड़ियों के साथ मुलाकात की। क्रिकेटर्स ने उनके साथ फोटो भी खिंचवाई। राजस्थान रॉयल्स के एक्स हैंडल ने इस मुलाकात की एक वीडियो क्लिप भी साझा की है। वीडियो में देखा जा सकता है कि प्रीति के साथ युजवेंद्र चहल, राम भक्त कहने जाने वाले केशव महाराज,तनुष कोटियान और कुछ युवा खिलाड़ियों ने फोटो खिंचवाई। वीडियो का कैप्शन दिया गया,प्रिटी वुमन, देखो-देखो ना।

**यूजर्स ने किए दिलचस्प कमेंट्स**

वीडियो पर यूजर्स ने दिलचस्प कमेंट्स किए। एक यूजर ने लिखा,खुशी देख रहे हो लौंडों की। वहीं, एक अन्य यूजर ने लिखा, तनुष कोटियान ने प्रीति को इंप्रेस करने की पूरी कोशिश की। बता दें कि पंजाब किंग्स का राजस्थान से एक बार फिर 18 अप्रैल को मुकाबला है। खबर लिखे जाने तक पंजाब किंग्स 8वें पायदान पर है। पंजाब की टीम खेले गए अब तक छह मुकाबलों में सिर्फ 2 मैच में ही जीत सकी है। टीम के प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए शानदार प्रदर्शन करना होगा।

# रिटायरमेंट के बाद ये 5 स्कीम बनेंगी बुढ़ापे की लाठी, नहीं होगी पैसों की कमी




**Best Retirement Scheme**
**हम नौकरी करते वक्त हमेशा रिटायरमेंट को लेकर टेंशन में रहते हैं। हम चाहते हैं कि रिटायरमेंट के बाद भी हमारी इनकम जारी रहे। रिटायरमेंट के बाद भी इनकम जारी रहे इसके लिए आज हम आपको 5 इन्वेस्टमेंट स्कीम के बारे में बताएंगे। इनमें निवेश करके आप अपने बुढ़ापे को सिक्योर कर सकते हैं।**

**नई दिल्ली।** वर्तमान में हम किसी पर फाइनेंशियल रूप से डिपेंड नहीं होना चाहते हैं। ऐसे में खुद को वित्तीय तौर पर मजबूत रखने के लिए हम सेविंग के साथ कई बातों का ध्यान रखते हैं। लेकिन, कई बार हमें रिटायरमेंट के बाद की जिंदगी को लेकर टेंशन हो जाती है। रिटायरमेंट के बाद भी हम चाहते हैं कि हमारे पास हर महीने सैलरी के तौर पर कोई ना कोई इनकम आती रहे। रिटायरमेंट के बाद भी इनकम को जारी रखने के लिए मार्केट में कई स्कीम हैं। इन स्कीम में निवेश करके आप अपने भविष्य को सुरक्षित और इनडिपेंडेंट बना सकते हैं।

आज हम आपको 5 स्कीम के बारे में बताएंगे जो आपके फ्यूचर को सिक्योर करने में मदद करेगी।

**नेशनल पेंशन सिस्टम (NPS)**

रिटायरमेंट के बाद आप चाहते हैं हर महीने आपको पेंशन का लाभ मिलता रहे तो इसके लिए आप नेशनल पेंशन सिस्टम (हृक्क्र) को चुन सकते हैं। इस स्कीम में आपको निवेश करना है और 60 साल के बाद एनपीएस फंड से 60 फीसदी की राशि एकमुश्त और 40 फीसदी पेंशन के तौर पर मिलती है। पहले इस स्कीम का लाभ केवल सरकारी कर्मचारियों को मिलता था पर अब इसका लाभ प्राइवेट कर्मचारियों को भी मिलता है।

**पब्लिक प्रोविडेंट फंड**

सार्वजनिक भविष्य निधि (PPF) सरकारी सेविंग स्कीम है। इसमें गारंटी रिटर्न मिलता है। इसका मतलब है कि इसमें निवेश की गई राशि पूर्ण रूप से सुरक्षित होती है। इस स्कीम में भी आप अपने रिटायरमेंट के लिए निवेश कर सकते हैं।

पीपीएफ में 15 साल तक निवेश करना होता है। आपको एक वित्त वर्ष में कम से कम 500 रुपये और अधिकतम 1.5 लाख रुपये का निवेश करना होता है। इस स्कीम में निवेश राशि पर टैक्स बेनिफिट का लाभ भी मिलता है।

**म्यूचुअल फंड**

म्यूचुअल फंड निवेश का काफी अच्छा ऑप्शन बन गया है। वर्तमान में लोगों को यह फंड काफी पसंद आ रहा है। इस फंड में आप लन्ग टर्म के लिए निवेश कर सकते हैं। अगर आप 3 साल या उससे ज्यादा अवधि के लिए निवेश करते हैं तो आपको 12 फीसदी से ज्यादा का रिटर्न मिलेगा।

बता दें कि म्यूचुअल फंड में निवेश करते समय आपको सभी बातों का ध्यान रखना होगा। दरअसल, इसमें बाजार जोखिम भी होते हैं तो आप विचार करने के बाद ही इसमें निवेश करें।

**बैंक डिपॉजिट**

मनी सेविंग करने के लिए बैंक काफी अच्छा ऑप्शन है। आप चाहे तो बैंक एफडी या आरडी में निवेश कर सकते हैं। इस स्कीम में आपको सेविंग अकाउंट में मिल रहे ब्याज दर से ज्यादा का लाभ मिलता है।

कई बैंक में स्पेशल एफडी स्कीम भी चलाई जाती है। आप उन स्कीमों की तुलना करके जिस स्कीम में ज्यादा लाभ मिल रहा है उसमें निवेश कर सकते हैं।

**अटल पेंशन योजना**

सरकार ने मध्य वर्ग और गरीब वर्ग के लिए अटल पेंशन योजना शुरू की है। इस स्कीम में 18 से 40 साल की उम्र का कोई भी व्यक्ति निवेश कर सकता है। जब स्कीम मैच्योर यानी निवेशक 60 वर्ष का हो जाता है तो उसे 1,000 रुपये से 5,000 रुपये तक का मासिक पेंशन मिलता है।

# नेचुरली स्टेमिना बूस्ट करने के लिए रोजाना खाएं ये फूड्स, दिनभर एनर्जी से रहेंगे भरपूर




**दिनभर के बिजी शेड्यूल और कभी न खत्म होने वाले काम को सही तरीके से करने के लिए स्टेमिना स्ट्रॉन्ग होना बेहद जरूरी है। ऐसे में जरूरी है कि अपने स्टेमिना को बूस्ट करने के लिए सही डाइट फॉलो की जाए। अगर आप भी नेचुरल तरीके से अपना स्टेमिना बूस्ट करना चाहते हैं तो इन फूड्स को डाइट में शामिल कर सकते हैं।**

**नई दिल्ली।** फिट और सेहतमंद रहने के लिए हमारा स्टेमिना स्ट्रॉन्ग होना जरूरी है। स्टेमिना का मतलब लंबे समय तक शारीरिक या मानसिक कार्य करने की हमारी क्षमता से हैं। दिनभर के बिजी शेड्यूल और कभी न खत्म होने वाले काम को बेहतर ढंग से करने के लिए स्टेमिना हाई होना बेहद जरूरी है। इतना ही नहीं दिनभर आने वाली अलग-अलग चुनौतियों का सामना करने में भी स्टेमिना अहम भूमिका निभाता है। ऐसे में जरूरी है कि खुद को दिनभर एक्टिव और एनर्जेटिक रखने के लिए स्टेमिना का लेवल हाई रखा जाए। अगर आप भी दिनभर अपने स्टेमिना को हाई रखना चाहते हैं, तो इसके लिए कुछ फूड्स अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं। इन फूड्स की मदद से आप नेचुरली अपना स्टेमिना बूस्ट कर सकते हैं। आइए जानते हैं कुछ ऐसे फूड आइटम्स के बारे में-

**अंडे**

अगर आप फिटनेस के शौकीन हैं, तो अंडे आपके लिए काफी जरूरी होते हैं। इनमें हाई क्वालिटी वाला प्रोटीन और जरूरी अमीनो एसिड होता है, जो स्टेमिना और एनर्जी बनाए रखता है।

**ओट्स**

फाइबर और हेल्दी कार्बोहाइड्रेट से भरपूर, ओट्स हमें बहुत ज्यादा एनर्जी दे सकता है। साथ ही यह लंबे समय तक आपके पेट को भरा महसूस कराता है, जिससे आप ज्यादा खाने से बचे रहते हैं।

**बीन्स**

अगर आप वेजिटेरियन हैं, तो बीन्स आपके लिए एक बढ़िया शाकाहारी विकल्प है। आप इसे चिकन और अंडे की जगह अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं। यह हाई प्रोटीन से भरपूर और हाई न्यूट्रिशन वैल्यू के कारण आपको पूरे दिन निरंतर ऊर्जा प्रदान करते हैं।

**केला**

एनर्जी के लिए सबसे बेस्ट ऑप्शन में से एक केला है, क्योंकि यह प्राकृतिक रूप से पाए जाने वाले फाइबर और शुगर से भरपूर एक इंस्टेंट और आसान नाश्ता है, जो पाचन को धीमा कर देता है और आपको निरंतर ऊर्जा देता है।

**चिया बीज**

चिया बीज एनर्जी बढ़ाने के लिए एक बढ़िया विकल्प है, क्योंकि इसकी थोड़ी सी मात्रा में भी पूरे दिन हमारी ऊर्जा के स्तर को बनाए रखने में मदद मिलती है।

**चिकन**

डेवेलपमेंट और एनर्जी बढ़ाने के लिए चिकन एक बढ़िया विकल्प है। कई जरूरी पोषक तत्वों से भरपूर चिकन लीन प्रोटीन का एक बड़ा स्रोत है, जो आपके स्टेमिना को नेचुरली बूस्ट करता है।

**नट्स और सीड्स**

पोषक तत्वों से भरपूर, ब्राजील नट्स, अखरोट, काजू, बादाम, पेकान, सूरजमुखी और कद्दू के बीच भी जल्दी एनर्जी पाने का एक शानदार तरीका हैं। इससे आपका स्टेमिना नेचुरली बूस्ट होता है।

# ब्रेकफास्ट में ओट्स खाने के हैं अनलिमिटेड फायदे, वेट लॉस से लेकर कैंसर तक के खतरे को करता है कम




**ओट्स इन दिनों कई लोगों की डाइट का हिस्सा बन चुका है। ज्यादातर लोग इसे वेट लॉस के लिए खाना पसंद करते हैं। हालांकि वेट लॉस के लिए अलावा इसे डाइट में शामिल करने से ढेर सारे फायदे मिलते हैं। यह कई पोषक तत्वों से भरपूर होता है जिसकी वजह से सेहत को ढेरों फायदे मिलते हैं।**

**नई दिल्ली।** ओट्स एक साबुत अनाज है, जिसे पानी या दूध के साथ बनाया जाता है। इससे बनने वाली डिश को ओटमील कहा जाता है। ओट्स से इडली,डोसा,उत्पम, केक, पाई और पिज्जा जैसी कई डिशेज बनाई जाती हैं। आमतौर पर लोग इसे वेट लॉस के लिए अपनी डाइट में शामिल करते हैं। इसमें मुख्य रूप से कार्बोहाइड्रेट पाया जाता है। हालांकि, कई पोषक तत्वों से भरपूर होने की वजह से इसे एक सुपर फूड कहा जा जाता है। इसमें आयरन, मैग्निशियम, जिंक, थायमिन, मैग्निज, सेलेनियम, फास्फोरस जैसे पोषक तत्त्व पाए जाते हैं। इसमें मौजूद इन्हीं पोषक तत्वों से हमारे स्वास्थ्य को बेहतर बनाना में मदद मिलती है। इतना ही नहीं इसमें मौजूद बीटा-ग्लूकेन हाई कोलेस्ट्रॉल और अनेक तरह के कैंसर से बचाने का काम करता है। आइए जानते हैं रोजाना ओट्स खाने के विभिन्न फायदे-

**इम्युनिटी बूस्ट करे**

ओट्स में मौजूद जिंक और सेलेनियम अनेक तरह के संक्रमण से लड़ने में सहायक होते हैं। ये रेस्पिरेटरी सिस्टम के संक्रमण से भी सुरक्षा प्रदान करता है । इसलिए इसे अपनी डाइट का हिस्सा बनाना से आपकी इम्युनिटी अंदर से मजबूत बनती है।

**पाचन दुरुस्त रखे**

ओट्स में मौजूद भरपूर मात्रा में फाइबर पाचन तंत्र को मजबूत बनाए रखने के साथ-साथ मेटाबोलिज्म को भी मजबूत बनाने में मदद करता है। ये पेट के लिए किसी वरदान से कम नहीं है।

**ब्लड शुगर लेवल मेंटेन रखे**

ओट्स में मौजूद कॉम्प्लेक्स कार्ब्स और फाइबर पाचन क्रिया को आसान बनाता है, जिससे ब्लड शुगर लेवल को मेंटेन रखने में मदद मिलती है।

**वेट लॉस में मददगार**

ओट्स फाइबर से भरपूर होने की वजह से मेटाबॉलिक रेट तंदरुस्त रहता है, जिससे हमें वेट लॉस में मदद मिलती है।

**बैड कोलेस्ट्रॉल कम करे**

ओट्स में मौजूद पोषक तत्वों की वजह से इसे डेली डाइट में शामिल करने से हमारे शरीर से बैड कोलेस्ट्रॉल का स्तर कम होता है, जिससे हार्ट हेल्थ मजबूत बनाने में मदद मिलती है।

**ब्लड प्रेशर कंट्रोल में रहता है**

ओट्स आपके शरीर के सबसे महत्वपूर्ण अंग हार्ट हेल्थ को मजबूत बनाए रखने में मदद करता है। इसमें मौजूद पोषक तत्व हमारे शरीर में **ब्लड प्रेशर को कंट्रोल में रखता है।**

कैंसर के खतरे को कम करता है

एंटी ऑक्सीडेंट और विटामिन सी से भरपूर ओट्स कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से हमें दूर रखने में मदद करता है। दरअसल, ओट्स में मौजूद पोषक तत्व कैंसर पैदा करने वाले फ्री रेडिकल्स से लड़ने में मदद करता है।

# स्वाद और सेहत का लुभावना मेल है कच्चा आम, फायदे जानकर हो जाएंगे हैरान

**गर्मी के मौसम की बात करें और कच्चे आम का जिक्र न हो ऐसा तो हो ही नहीं सकता। कच्चा आम न केवल स्वाद में लाजवाब होता है बल्कि सही मात्रा में खाया जाए तो सेहत के लिए भी फायदेमंद साबित हो सकता है। इसमें मौजूद पोषक तत्वगर्मी में कई समस्याओं से बचाव करने में मदद कर सकते हैं। चलिए जानते हैं कच्चे आम से मिलने वाले फायदे।**

**नई दिल्ली।** गर्मी का मौसम यानी आम खाने का मौसम। वैसे आम की बात चली ही हैं, तो आपको याद दिला दें कि कच्चे आम पर लाल मिर्च का पाउडर और काला नमक लगाकर तो आपने भी खूब खाया होगा। उसके चटपचटे स्वाद का आनंद, आज भी मुंह में पानी ले आता है। हालांकि, कच्चा आम सिर्फ खाने में स्वादिष्ट ही नहीं होता बल्कि, स्वास्थय के लिए भी काफी फायदेमंद होता है। इसलिए ही आम को फलों का राजा कहा जाता है। इसमें भरपूर मात्रा में विटामिन-सी, विटामिन-ए, विटामिन-के, फाइबर और कई तरह के पोषक तत्त्व पाए जाते हैं, जो शारीरिक स्वास्थ्य के लिए काफी महत्वपूर्ण होते हैं। कच्चे आम के सेवन से पाचन शक्ति को बढ़ावा मिलता है, शरीर हाइड्रेटेड रहता, आंतों को स्वस्थ बनाए रखने में मदद मिलती है और इतना ही नहीं, इससे ताजगी का भी एहसास होता है।

इसलिए, गर्मियों में कच्चे आम का सेवन स्वास्थ्य के लिए काफी फायदेमंद होता है। इसका सेवन आप आम पन्ना, कच्चा आम, पुदीने और धनिया की चटनी, दाल में डालकर, इसकी खट्ट-मिट्ठी बनाकर या अन्य कई रूपों में कर सकते हैं। आइए जानते हैं कच्चे आम से मिलने वाले फायदों के बारे में।

**डिहाइड्रेशन की समस्या दूर होती है**

गर्मियों में शरीर से बहुत अधिक पसीना निकलने या फिर कम पानी पीने की वजह से डिहाइड्रेशन की समस्या हो सकती है। ऐसे में कच्चे आम से बनने वाला आम पन्ना शरीर को हाइड्रेटेड बनाए रखने में मदद करता है। क्योंकि कच्चे आम में हीट स्ट्रोक और डिहाइड्रेशन से बचाने वाले गुण होतें हैं, ये गर्मियों के लिए काफी फायदेमंद ड्रिंक माना जाता है। ये शरीर में सोडियम जैसे इलेक्ट्रोलाइट्स की कमी को दूर करने में भी मदद करता है, जिससे डिहाइड्रेशन का शिकार बनने से बचाव मिलता है।

**कोलेस्ट्रॉल कम करने में मददगार**

कच्चा आम कोलेस्ट्रॉल कम करने के साथ-साथ ब्लड प्रेशर मेंटेन करने में भी मदद करता है। इस वजह से स्ट्रोक और हार्ट अटैक से बचाव में मदद मिल सकती है।

**वेट लॉस करने में सहायक**

कच्चे आम के सेवन से कैलोरी अधिक बर्न होती है, जिससे वेट लॉस करने में मदद मिलती है।

**पेट संबंधी समस्याएं दूर होती हैं**

गर्मी के मौसम में पेट को स्वस्थ रखने के लिए कच्चे आम का सेवन काफी लाभदायक होता है। इससे गैस्ट्रो-इंटेस्टाइनल डिसऑर्डर को कम करने में सहायता होती है।

आंतों के स्वास्थ्य के लिए लाभदायक कच्चे आम का सेवन करने से आंतों में बाइल सिक्रीशन बढ़ता है, जिसकी वजह से फैट अब्जॉर्पशन बढ़ता है और हानिकारक माइक्रोब्स को नष्ट करने में मदद मिलती है। इसलिए कच्चे आम का सेवन लिवर और आंत की समस्याओं को कम करने में सहायक होता है।

इसका डिटॉक्स ड्रिंक बनाकर पीना काफी लाभदायक हो सकता है।

# नारियल पानी पिएं या नींबू पानी, गर्मियों में क्या है ज्यादा फायदेमंद



**गर्मियों के मौसम में नारियल पानी या नींबू पानी लोगों की पहली पसंद होते हैं। इन दोनों ही ड्रिंक्स से बॉडी हाइड्रेट रहती है और तुरंत एनर्जी मिलती है लेकिन क्या आप जानते हैं कि इन दोनों में से किसका सेवन ज्यादा फायदेमंद होता है? अगर नहीं तो कोकोनट वाटर और लेमन वाटर को लेकर इस आर्टिकल में आप सारी कन्फ्यूजन दूर कर सकते हैं।**

**नई दिल्ली।** Coconut water vs Lemon Water: गर्मियों में मौसम में लोग तरल पदार्थ ज्यादा लेते हैं, जो कि जरूरी भी है। इन दिनों नारियल पानी या नींबू पानी का सेवन भी खूब किया जाता है, लेकिन क्या आपके मन भी ये सवाल आता है, कि भला दोनों में से सेहत के लिए किसे पीना ज्यादा फायदेमंद रहता है? आइए आज हम देंगे आपको इसका जवाब। शरीर में पानी की कमी को दूर करने और एनर्जी बनाए रखने के लिए दोनों ही ड्रिंक्स का इस्तेमाल किया जाता है, लेकिन फिर भी कुछ बातें हैं, जो इन्हें एक दूसरे से अलग बनती हैं। आइए जानें।

**नारियल पानी के फायदे**

विटामिन-ए, बी, सी, आयरन और पोटेशियम से भरपूर नारियल पानी गर्मियों में शरीर को हाइड्रेट रखने का काम करता है। स्किन और बालों के लिहाज से भी इसका सेवन अच्छा माना जाता है क्योंकि इसमें कई एंटीऑक्सीडेंट गुण होते हैं। यह तपती गर्मी में बॉडी को कूलिंग इफेक्ट देता है और नेचुरल डिटॉक्स ड्रिंक के तौर पर भी बढ़िया काम करता है।

**नींबू पानी के फायदे**

नींबू पानी में भी विटामिन-सी, बी, फाइबर, पोटैशियम और कई एंटीऑक्सीडेंट गुण पाए जाते हैं। यह शरीर को डिटॉक्स तो करता ही है, साथ ही फैट फ्री होने के कारण मोटापे को भी कम करता है। इसके सेवन से शरीर में इम्युनिटी भी बढ़ती है, वहीं ये ड्रिंक लू से भी काफी हद तक बचाने का काम करती है।

**दोनों में से क्या है ज्यादा बेहतर?**

नारियल पानी हो या नींबू पानी, दोनों के ही अपने-अपने फायदे हैं, जिनमें ज्यादा फर्क भी नहीं है, लेकिन बावजूद इसके आपको इनका सेवन करते समय कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए।

अगर आपको डायबिटीज की समस्या है, तो नारियल पानी का रोजाना सेवन करने से आपका ब्लड शुगर लेवल ऊपर जा सकता है। इसमें पाई जाने वाली इसमें नेचुरल शुगर आपके लिए नुकसानदायक साबित हो सकती है।

नारियल पानी ज्यादा पीने से शरीर में इलेक्ट्रोलाइट्स का संतुलन भी बिगड़ सकता है, ऐसे में अगर आप अक्सर थकान महसूस करते हैं, तो इसके ज्यादा सेवन से बचने में भी फायदा है।

नींबू पानी का ज्यादा सेवन करने से आपकी हड्डियां कमजोर बन सकती हैं। अगर आप इसे गर्म पानी के साथ बनाते हैं, तो इससे एसिड की ज्यादा मात्रा बनती है, जो बोन हेल्थ के लिए खराब मानी जाती है। अगर खर्च के हिसाब से देखें, तो नारियल पानी की तुलना में नींबू पानी काफी सस्ता पड़ता है, ऐसे में आप अपने बजट तो ध्यान में रखते हुए भी इन ड्रिंक्स को डाइट में शामिल कर सकते हैं।

इसके अलावा अगर आप नींबू पानी में चीनी मिलाकर पीते हैं, तो ये भी सेहत के लिए सही नहीं है।

आप चाहें, तो इसमें थोड़ा काला नमक मिलाकर पी सकते हैं, लेकिन सिर्फ तभी जब आपको बीपी से जुड़ी कोई समस्या नहीं है।

इससे आपका पाचन तंत्र भी बेहतर होगा और आप एसिडिटी से भी बच पाएंगे।

# स्ट्रोक सिर्फ हीट स्ट्रोक ही नहीं, ब्रेन स्ट्रोक की वजह भी बन सकता है बढ़ता तापमान, स्टडी में सामने आई वजह

**नई दिल्ली।** गर्मी का मौसम अभी शुरू ही हुआ है कि बढ़ते तापमान की वजह से ऐसा लग रहा है जैसे आग के गोले बरस रहे हैं। गर्मी का ऐसा प्रकोप कोई मामूली बात नहीं है, जलवायु में परिवर्तन की वजह से वातावरण में कई ऐसे बदलाव हो रहे हैं, जिनका हमारे जीवन पर काफी प्रतिकुल प्रभाव पड़ता है। जलवायु परिवर्तन का हमारे स्वास्थ्य पर क्या प्रभाव पड़ सकता है, इस बारे में एक स्टडी सामने आई है।

**क्या कहती है स्टडी**

जलवायु परिवर्तन की वजह से तापमान में हुई बढ़ोतरी की वजह से सेहत को काफी नुकसान पहुंचता है। हाल ही में, जर्नल न्यूरोलॉजी में आई एक स्टडी में पाया गया कि जलवायु परिवर्तन की वजह से स्ट्रोक के मामलों में बढ़ोतरी हो रही है। इस अध्ययन के लिए लगभग 204 देशों के तापमान में बदलाव और स्ट्रोक के मामलों के डाटा का अध्ययन किया गया और पाया गया कि स्ट्रोक और प्रतिकुल तापमान का आपस में काफी गहरा संबंध है। इस स्टडी के मुताबिक, साल 2019 में स्ट्रोक की वजह से लगभग 5.2 लाख मौते हुई, जिसके पीछे की वजह प्रतिकूल तापमान पाई गई है। हालांकि, प्रतिकूल तापमान की वजह से बढ़े स्ट्रोक के मामले ज्यादातर कम तापमान से जुड़े थे, लेकिन तुलनात्मक रूप से तापमान में बढ़ोतरी की वजह से स्ट्रोक के मामलों में काफी वृद्धि हुई है। तापमान बढ़ने की वजह से स्ट्रोक के मामले ज्यादातर 10 साल से अधिक उम्र के व्यक्तियों में देखने को मिल रहे हैं।

**क्यों तापमान बढ़ने की वजह से आ सकता है स्ट्रोक**

स्टडी में पाया गया कि तापमान बहुत अधिक होने या बहुत कम होने की वजह से स्ट्रोक का खतरा बढ़ता है। इसका कारण यूं समझ सकते हैं कि कम तापमान की वजह से ब्लड वेसल्स कंस्ट्रिकट होने लगते हैं, यानी सिकुड़ने लगते हैं, ताकि कम से कम हीट लॉस हो। इस वजह से ब्लड फ्लो में रुकावट होती है और ब्लड प्रेशर बढ़ता है, जिसके कारण स्ट्रोक आ सकता है। ऐसे ही तापमान अधिक होने की वजह से बॉडी डिहाइड्रेट हो सकती है, जिस वजह से ब्लड फ्लो धीमा हो जाता है और कोलेस्ट्रॉल लेवल बढ़ सकता है। इन दोनों कारणों से भी स्ट्रोक का रिस्क काफी बढ़ जाता है। इस स्टडी में यह भी पाया गया कि स्ट्रोक का खतरा पुरुषों में महिलाओं की तुलना में अधिक है।

**क्या है स्ट्रोक**

स्ट्रोक एक ऐसी कंडिशन है, जिसमें दिमाग तक सही मात्रा में ब्लड नहीं पहुंच पाता है। इसके दो कारण हो सकते हैं। पहला, आर्टरी में ब्लॉकेज हो गई है, जो कोलेस्ट्रॉल बढ़ने या ब्लड प्रेशर अधिक होने की वजह से ब्लड क्लॉट बनने की वजह से हुआ है। दूसरा कारण हो सकता है कि दिमाग में ब्लीडिंग हो रही है, जो किसी चोट या कोई आर्टरी फटने की वजह से हो सकता है।

# आंखों के सामने पिता ने मां और बहन को मौत के घाट उतारा, फिर खुद को मारी गोली... सालों बाद छलका एक्टर का दर्द





**Kamal Sadanah 90 दशक के चार्मिंग एक्टर्स में शुमार थे। पहली फिल्म से ही एक्टर को बेशुमार स्टारडम मिल गया था। मगर उन्होंने पर्सनल लाइफ में खूब दर्द झेला है। जब वह 20 साल के थे तभी उनके पिता ने उनकी मां और बहन की गोली मारकर हत्या कर दी थी और खुद को भी मार दिया था। सालों बाद एक्टर ने दर्द बयां किया है।**

**नई दिल्ली।** कमल सदाना की किस्मत बेखुदी से ही चमक गई थी। फिल्म फ्लॉप थी, लेकिन एक्टर ने अपनी चार्मिंग पर्सनैलिटी से सभी को दीवाना बना दिया था, लेकिन क्या आपको पता है कि इस फिल्म को साइन करने से चंद दिनों पहले कमल एक बुरे फेज से गुजरे थे।

बेखुदी से पहले कमल सदाना एक ऐसे फेज से गुजरे, जिसने हर किसी के रोंगटे खड़े कर दिया था। उन्हें नहीं पता था कि उनका 20वां जन्मदिन एक बुरी याद बन जाएगा। जब अभिनेता अपना 20वां जन्मदिन मना रहे थे, तभी उनके पिता और प्रोड्यूसर ब्रिज सदाना ने उनकी मां सईदा खान और बहन नम्रता की गोली मारकर हत्या कर दी थी। फिर बाद में खुद को भी गोली मार दी थी।

**पिता ने मां और बहन को मारी थी गोली**

कमल सदाना ने सालों बाद उस बुरे दौर को याद किया है। सिद्धार्थ कन्नन से बातचीत में एक्टर ने बताया कि उनकी आंखों के सामने पिता ने मां और बहन को गोली मार दी थी। उन्हें भी एक गोली लगी थी। उन्होंने कहा, अपनी आंखों के सामने अपने परिवार को मरता हुआ देखना दर्दनाक है। मुझे भी गोली मारी गई। एक गोली मेरी गर्दन के एक तरफ से छूकर चली गई और दूसरी तरफ एक गोली निकली। मैं बच गया। मेरे बचने का कोई लॉजिक रीजन नहीं है। मैं बिना किसी समस्या के बच गया।

**जख्मी हालत में परिवार को अस्पताल ले गए थे एक्टर**

कमल सदाना ने आगे बताया कि जैसे ही पिता ने उनकी मां और बहन को गोली मारी, वह तुरंत दोनों को अस्पताल ले गए। अभिनेता ने कहा, मैं अपनी मां और बहन को अस्पताल ले गया। उनका खून बह रहा था। उस वक्त मुझे नहीं पता था कि मुझे भी गोली लगी है। डॉक्टर ने कहा, %तुम्हारी शर्ट पर इतना खून कैसे लगा है? मैंने कहा, नहीं, मेरी मां और बहन का होगा।

उन्होंने कहा, नहीं, आपको गोली लगी है। हमारे पास यहां जगह नहीं है। तुम्हें दूसरे अस्पताल में जाना होगा। मैंने कहा, नहीं, आप मेरी मां और बहन को जिंदा रखिए।% मुझे अपने पिता को भी चेक करना था कि वह क्या कर रहे हैं।

**घर में परिवार की लाश देख रह गए थे दंग**

कमल सदाना के लाख मना करने के बावजूद उनका दोस्त उन्हें दूसरे अस्पताल में ले गया। अभिनेता ने बताया कि जब उन्हें होश आया और वह घर आए, तब वहां परिवार की लाश देख वह दंग रह गए थे। पिता ने मां और बहन को गोली मारने के बाद खुद को भी गोली मार ली थी। कमल ने यह भी बताया कि उनके पिता बुरे नहीं थे, लेकिन शराब ने उन्हें वैसा बना दिया था।

कमल सदाना ने परिवार की मौत के तुरंत बाद प्रोड्यूसर के घर-घर जाकर काम मांगा और आखिरकार उन्हें काजोल के साथ बेखुदी मिली। वह शुरू में कभी अपना जन्मदिन नहीं मनाते थे, लेकिन पिछले साल उन्होंने अपने बच्चों के साथ एक छोटी सी बर्थडे पार्टी रखी थी।

# स्त्री 2-वीएफएक्स में समय अभिषेक बनर्जी ने शेयर किया फिल्म स्त्री 2 से जुड़ा बड़ा अपडेट

**नई दिल्ली।** साल 2018 में रिलीज हुई श्रद्धा कपूर और राजकुमार राव की हॉरर-कॉमेडी फिल्म स्त्री ऑडियंस को काफी पसंद आई थी। इस मूवी के बाद से ही लोग अब इसके दूसरे पार्ट का इंतजार कर रहे हैं। इसके सीक्वल को लेकर कई अपडेट सामने आते रहे हैं। अब अभिनेता अभिषेक बनर्जी जिन्होंने पहले पार्ट में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, उन्होंने इस फिल्म के सीक्वल को लेकर अपडेट शेयर किया है।



**स्त्री 2 में मजा होगा दोगुना**

हाल ही में, अभिषेक बनर्जी ने टाइम्स ऑफ इंडिया को दिए एक इंटरव्यू में बात करते हुए बताया कि स्त्री 2 पहले से भी बड़ी होने वाली है और इसका मजा दोगुना होने वाला है। सभी कलाकार अपने किरदारों में गहराई से डूबे हुए हैं। मैंने अपारशक्ति खुराना और श्रद्धा के साथ खूब मजा किया। यह एक तरह का रीयूनियन था। मैं अपने को-स्टार्स से कह रहा था कि यह मेरे लिए अधिक पुरानी यादों जैसा था, क्योंकि हम चंदेरी की गलियों में पहुंचे थे।

**चल रहा है पोस्ट-प्रोडक्शन का काम**

स्त्री 2 के बारे में जब उनसे सवाल किया गया, तो उन्होंने बताया कि फिल्म के पोस्ट-प्रोडक्शन पर काम चल रहा है। वीएफएक्स में काफी समय लगेगा। फिल्म के निर्देशक अमर कौशिक एक परफेक्शनिस्ट हैं। वह तब तक फिल्म पर काम करते हैं, जब तक इससे खुश नहीं होते।

**कब रिलीज होगी स्त्री 2**

स्त्री 2 में राजकुमार राव और श्रद्धा कपूर के साथ अपारशक्ति खुराना, पंकज त्रिपाठी, अभिषेक बनर्जी समेत कई स्टार्स दिखाई देने वाले हैं। साथ ही ऐसा बताया जा रहा है कि वरुण धवन और तमन्ना भाटिया भी इस मूवी में कैमियो करते हुए दिखाई दे सकते हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह फिल्म इसी साल 30 अगस्त को रिलीज हो सकती है।

हालांकि, स्त्री 2 की रिलीज डेट को लेकर अभी कोई ऑफिशियल जानकारी सामने नहीं आई है।

# बुढ़ापे को और मुश्किल बना सकती है पार्किंसंस डिजीज इन स्टेजेस में करती है व्यक्ति को प्रभावित

**नई दिल्ली।** पार्किंसंस डिजीज एक बेहद गंभीर दिमागी समस्या है, जो वक्त के साथ और बिगड़ती जाती है। इसका कोई इलाज मौजूद न होने की वजह से इसके मरीजों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। हालांकि, इस गंभीर रोग के बारे में लोगों में जानकारी की काफी कमी है, जिस वजह से यह बीमारी कई लोगों के लिए मिस्टरी बनी रहती है और वे इसके मरीजों के प्रति संवेदनशील नहीं बन पाते हैं। इसलिए हर साल अप्रैल के महीने को पार्किंसंस डिजीज अवेयरनेस मंथ के रूप में मनाया जाता है, ताकि लोगों को इस बारे में जागरूक बनाया जा सके और इसके लक्षणों की पहचान करके, जल्द से जल्द मदद दी जा सके और प्रभावित व्यक्ति के जीवन को काफी हद तक आसान बनाया जा सके। इस बीमारी के बारे में आपको और जागरूक बनाने के लिए हम इस आर्टिकल में पार्किंसंस डिजीज के लक्षण और उसके स्टेजेस के बारे में बताने वाले हैं। आइए जानते हैं इस बारे में।

**क्या है पार्किंसंस डिजीज**

क्लीवलैंड क्लीनिक के मुताबिक, पार्किंसंस डिजीज दिमाग की एक ऐसी कंडिशन है, जिसमें इसका एक हिस्सा खराब होने लगता है। यह समस्या वक्त के साथ और अधिक गंभीर होने लगती है और इसके लक्षण और ज्यादा दिखने शुरू हो जाते हैं। इस कंडिशन में मांसपेशियों पर नियंत्रण, संतुलन, मूवमेंट, सोचने-समझने की क्षमता, मेंटल हेल्थ और सेन्स ऑर्गन्स को प्रभावित होती हैं। मामलों में यह कम उम्र में भी व्यक्ति को अपना शिकार बना सकता है।

# इस बैसाखी पंजाबी स्टाइल में बनाएं आटे की पिन्नी, खुशियों में घुल जाएगी मिठास



**( बैसाखी 2024 ) का त्योहार पंजाब और हरियाणा समेत देश के कई हिस्सों में बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है। आप भी इस बैसाखी अगर कुछ पारंपरिक और स्पेशल बनाने का सोच रहे हैं तो ये आर्टिकल आप ही के लिए है। यहां हम आपको आटे की पिन्नी बनाना सिखाएंगे जो इस त्योहार की खुशियों में मिठास घोल देगी। आइए जान लीजिए आटे की मजेदार पिन्नी बनाने की आसान विधि।**

**नई दिल्ली।** Baisakhi Recipes 2024-वसंत ऋतु की शुरुआत का प्रतीक माना जाने वाला बैसाखी का त्योहार देश के कई हिस्सों में काफी धूमधाम से मनाया जाता है। इस साल यह पर्व 13 अप्रैल को मनाया जा रहा है, जिसे सिखों का नववर्ष भी कहा जाता है। इस मौके पर नाच-गाना तो होता ही है, साथ ही घरों में भी कई तरह के पकवान बनाकर जश्न मनाया जाता है। ऐसे में हम आपके लिए लेकर आए हैं इस दिन पारंपरिक रूप से बनने वाली आटे की पिन्नी की सबसे आसान रेसिपी। यह पंजाब की ट्रेडिशनल मिठाई है, जो आप भी जरूर ट्राई कर सकते हैं।

**आटे की पिन्नी बनाने के लिए सामग्री**

गेहूं का आटा — 1 कप
देसी घी — 1 कप
चीनी का बूरा — 1 कप
ड्राई फ्रूट्स ङ्क आधा कप
इलायची पाउडर — 1/2 टीस्पून

**आटे की पिन्नी बनाने की विधि**

आटे की पिन्नी बनाने के लिए सबसे पहले एक कढ़ाई में देसी घी डालकर मीडियम आंच पर गर्म कर लें।

अब इसमें आटा डालें और करछी की मदद लगातार चलाते हुए भून लें।

इसका रंग सुनहरा हो जाने और भीनी खुशबू आने के बाद गैस ऑफ कर दें।

अब आटे को एक प्लेट में निकाल लें और इसे ठंडा हो जाने के बाद इसमें पिसी हुई चीनी मिला दीजिए।

इसके बाद इसमें सभी ड्राई फ्रूट्स डाल दें और अच्छे से मिक्स कर लें।

अब हाथों पर थोड़ा-सा घी लगाकर पिन्नी के लड्डू बांधना शुरू करें।

एक-एक करके गोल-गोल लड्डू तैयार कर लें, इसका साइज आप अपने मुताबिक रख लें।

बस तैयार हैं आटे की पिन्नी के स्वादिष्ट लड्डू, घर आए मेहमानों का स्वागत करने के लिए एकदम परफेक्ट।

स्थानीय खबर

Email: nmh.pawan@g mail.com
Contact: 9407423966, 70664886

# पर्यावरण को संरक्षित करें, लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान अवश्य करें- श्री जैन



**गांधी वाटिका में मिशन लाईफ के तहत कार्यक्रम सम्पन्न**

**नीमच।** पर्यावरण को संरक्षित करें, लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान अवश्य करें, उक्त विचार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिनेश जैन ने गांधी वाटिका में मिशन लाईफ के तहत आयोजित मटका वितरण कार्यक्रम में व्यक्त किए। जिले में संचालित मिशन लाईफ कार्यक्रम के तहत जिला प्रशासन व्दारा विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान के साथ ही जिले में मतदाता जागरूकता गतिविधि भी स्वीप नोडल अधिकारी श्री गुरूप्रसाद के मार्गदर्शन में आयोजित की जा रही है।

गांधी वाटिका में आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर श्री जैन ने उपस्थित जनों से कहा कि प्रशासन व्दारा पर्यावरण एवं संरक्षण के लिए जो प्रयास किए जा रहे है , उसमें आम नागरिकों की भागीदारी भी आवश्यक है। पर्यावरण को बचाने के लिए सप्ताह में एक दिन साईकिल का उपयोग करना चाहिए, घरों में फ्रीज, कुलर, लाईट, पंखा, इलेक्ट्रीक उपकरणों का कम से कम प्रयोग करना चाहिए। साथ ही सप्ताह में एक दिन ए.सी. के उपयोग से बचने का प्रयास करना चाहिए। श्री जैन ने कहा कि प्रत्येक घर में एक मटका अवश्य होना चाहिए, जिससे हम शुद्ध, प्राकृतिकएवंशीतल जल प्राप्त कर सके तथा फ्रीज के पानी से होने वाली बीमारियों से बच सके। मटका उपयोग करने पर अपनी मिट्टी से जुड पायेंगे साथ ही मटका व्यवसाय को भी प्रोत्साहन मिलेगा। कार्यक्रम में जैविक उत्पादों को बढावा देने के लिए जैविक वस्तुओं के उपयोग की बात कही तथा इससे संबंधित स्टॉल भी लगाया गया। श्री जैन ने बताया कि आगामी दिवसों में पुराने कपडे एवं किताबों के उपयोग के लिए भी कार्ययोजना तैयार की जा रही है।

इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री गुरूप्रसाद, एडीएम श्रीमती लक्ष्मी गामड, ने भी कार्यक्रम को सम्बोधित किया। कार्यक्रम में एसडीएम डॉ.ममता खेडे, प्रीति संघवी, सुश्री किरण आंजना, सुश्री मयूरी जोकएवं अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती बीना चौधरी ने किया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों, आमजन, स्वयंसेवी संस्था, सदस्य एवं मीडियाकर्मियों व्दारा नैतिक मतदान की शपथ भी ली गई।

# मतदाता जागरूकता अभियान के तहत रंगोली प्रतियोगता आयोजित

**मतदाता जागरूकता एवं मिशन लाईफ के तहत सभी स्व सहायता समूहों को पानी के मटके वितरित**



**नीमच।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत मतदाता जागरूकता के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिनेश जैन के निर्देशानुसार सोमवार को शा.क.उ.मा.वि.नीमच नगर महारानी लक्ष्मीबाई विद्यालय पर फूड प्रतियोगिता आयोजित की गई। जहां विद्यालयों में मध्यान्ह भोजन बनाने वाले स्व-सहायता समूहों द्वारा जन शिक्षा केंद्र पर जिला स्तरीय पर फूड प्रतियोगिता में भाग लिया। इस प्रतियोगिता में समूह की महिलाओं द्वारा पोषक आहारसे संबंधित रंगबिरंगी रंगोली बनाई गई, जिसमें पोषक पदार्थ लैस की सब्जियां, दालें, पौष्टिक आहार का उपयोग किया गया। उक्त रंगोली प्रतियोगिता में 8 स्व सहायता समूहों ने भाग लिया। रंगोली प्रतियोगिता के आयोजन उपरांत उपस्थित अधिकारियों ने प्रथम,व्दितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले समूह को पुरस्कृत किया गया।

इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ श्री गुरुप्रसाद एवं डीपीसी सुश्री किरण आंजना, जनपद शिक्षा केंद्र के श्रीयोगेश कंडारा एवं मध्यान्ह भोजन प्रभारी श्री बी.एल.जादम, प्राचार्य श्री बालकृष्ण बनौदा उपस्थित थे।

शीतला माता स्वसहायता समूह को प्रथम स्थान प्राप्त करने पर मिक्सर ग्राईण्डर, जय बालाजी स्व-सहायता समूहको द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर प्रेशर कुकर एवं अन्नपूर्णा स्व सहायता समूह को तीसरा स्थान प्राप्त होने पर गैस चूल्हा प्रदान किया गया।

कार्यक्रम के अंत में मतदाता जागरूकता एवं मिशन लाईफ अभियान के तहत जिला पंचायत सीईओं एवं डीपीसी सुश्री किरण आंजना ने स्व सहायता समूहों को ठंडे पानी के मटके भी वितरित किए गए।

साथ ही स्वसहायता समुह के सदस्यों एवं उपस्थितजनों को नैतिक मतदान की शपथ दिलाने के साथ ही रंग, बिरंगे गुब्बारें उडाकर अधिकाधिक मतदान की अपील की गई।

### मतदाताओं को घर-घर जाकर मतदान के लिए किया जागरूक

**मंदसौर।** भारत निर्वाचन आयोन के तहत जिले में स्वीप गतिविधियों का संचालन जोरो से चल रहा हैं जिसके के तहत जिले में मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किये जाने हेतु जिले में मतदाताओं को मतदान के लिए घर-घर जाकर जागरूकता किया जा रहा है। साथ ही सभी लोग आपस में जागरूक हो रही रहे हैं, और अन्य लोगों को भी मतदान के लिये अपील कर रहें हैं।

### मतदाताओं को जागरूक करने के लिए दिलाई जा रही शपथ

**मंदसौर।** जिले में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए शपथ दिलाई जा रही हैं। हम, भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतान्त्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। तरह तरह की गतिविधियों के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। यह गतिविधि हाट बाजार, मेलो, चौराहों पर की जा रही है। साथ मतदान केंद्रों पर जाकर ईवीएम को चलाना, मतदान का महत्व, लोकतंत्र का महत्व आदि के बारे में मतदाताओं को बताया जा रहा है। जिससे मतदाताओं में जागरूकता उत्पन्न हो।

# पार्किंग के संबंध में एसडीएम, सीएमओ नियमों को पालन करवाए - कलेक्टर




**साप्ताहिक अंतर विभागीय एवं निर्वाचन कार्यो की समीक्षा बैठक संपन्न**

**मंदसौर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिलीप कुमार यादव की अध्यक्षता में साप्ताहिक अंतर विभागीय समीक्षा बैठक एवं निर्वाचन कार्यो की समीक्षा बैठक सुशासन भवन स्थित सभागृह में आयोजित की गई। बैठक के दौरान उन्होंने व्यय लेखा नोडल को निर्देश देते हुए कहा कि सभी विधानसभा क्षेत्र के सहायक व्यय प्रेक्षक से रिपोर्ट लेकर एक कंपलीट रिपोर्ट प्रतिदिन बनवाएं। आवश्यक सेवा वाले विभागों के साथ मीडिया कर्मी भी पोस्टल बैलट के माध्यम से मतदान कर सकते हैं , इसके लिए 23 अप्रैल तक फॉर्म 12ष भरकर जमा कर सकते हैं। सभी नोडल अधिकारी एवं सेक्टर अधिकारी हमेशा अलर्ट मूड में रहे तथा लगातार अपने कार्यों को देखें। बैठक के दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री कुमार सत्यम, वन मंडल अधिकारी श्री चौहान, अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल, सभी जिलाधिकारी मौजूद थे।

रेस्टोरेंट, मैरिज गार्डन, अस्पताल आदि संस्थाओं के लिए पार्किंग के संबंध में एसडीएम, सीएमओ , तहसीलदार 133 के तहत कार्यवाही करें तथा नियमों का पालन करवाए। खुले हुए नलकूप एवं कुओं के संबंध में 188 के तहत कार्यवाही करें। सभी जनपद सीईओ ग्राम सचिव को यह निर्देशित करें कि ग्राम पंचायत स्तर पर पेयजल की मोटर एवं अन्य उपकरणों के खराब होने की स्थिति में उनको तत्काल ठीक करवाए। जिससे आम नागरिक को पेयजल के संबंध में किसी तरह की समस्या उत्पन्न ना हो। पीएचई विभाग भी इस बात का विशेष तौर पर ध्यान रखें। इस संबंध में सभी सीईओ रिपोर्ट भी प्रस्तुत करेंगे।

उपार्जन में कालाबाजारी करने वालों के विरुद्ध कालाबाजारी अधिनियम के तहत होगी कार्यवाही। उपार्जन के पश्चात बारिश की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए परिवहन का कार्य तुरंत करें।

किसी भी स्थिति में गेहूं, चना, सरसों खराब नहीं होना चाहिए। डीपीसी को निर्देश देते हुए कहा कि विगत 10 सालों में कितने स्कूल निर्मित हुए, जिसमें से कितने स्कूल संचालित हो रहे हैं एवं कितने स्कूलों की बिल्डिंग खराब हो गई। ऐसे स्कूल भवन की जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

# डाईट भवन नीमच में लोकतंत्र कक्ष का उदघाटन




**नीमच।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के अन्तर्गत आमजन में लोकतंत्र की जागरूकता के लिए जिला स्तर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिनेश जैन ने डाईट परिसर में लोकतंत्र कक्ष का उदघाटन किया। इस अवसर पर लोकतंत्र के आधार पर सरकार के गठन का विस्तृत एवं सजीव मॉडल प्रदर्शित किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ गुरूप्रसाद, एडीएम श्रीमती लक्ष्मी गामड़, जिला शिक्षा अधिकारी सी.के.शर्मा,अक्षयसिंह बावेल सहित मतदाता जागरूकता दल के सदस्य उपस्थित थे।

इस मॉडल में संसद का सम्पूर्ण इतिहास, चुनाव कार्य से संबंधी समस्त प्रक्रियाएं जैसे नामावली में नाम जोडने, हटाना, आदर्श मतदान केन्द्र, रिटर्निग आफीसर कक्ष में नाम निर्देशन जमा करने की प्रक्रिया, सूचना प्रोद्योगिकी कक्ष, गरूड एप के माध्यम से समाधान, मतदान के दौरान सामग्री वितरण एवं मतगणना कक्ष, परिणामों की उदघोषणा इत्यादि प्रक्रिया के बारे में अत्यन्त सरल तरीके से प्रदर्शित किया गया। इसके साथ ही भारतीय संसद का चुनाव का इतिहास 1952 से 2024 तक का विस्तृत विवरण भी प्रदर्शित किया गया।

उक्त लोकतंत्र कक्ष आमजन में मतदान के प्रति जागरूकता के लिए कार्यालयीन समय में खुला रहेगा, जिससे आमनागरिक लोकतंत्र एवं मतदान की प्रक्रिया के बारे में आसानी से जानकारी प्राप्त कर सके।

कार्यक्रम के पश्चात उपस्थितजन को कलेक्टर द्वारा मतदान की नैतिक मतदान की शपथ दिलाई तथा मतदान के लिए हस्ताक्षर अभियान के तहत कलेक्टर दिनेश जैन,

जिला पंचायत सीईओ गुरूप्रसाद, एडीएम श्रीमती लक्ष्मी गामड़ ने हस्ताक्षर कर, मतदाता जागरूकता के तहत स्थापित सैल्फी पाईंट पर सैल्फी भी ली।

### श्री केलामाता मंदिर पर हुवा विशाल भंडारे का आयोजन

**नीमच।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी श्री भूतेश्वर मंदिर रोड स्थित श्री कैला माता मंदिर पर आज मंगलवार को चैत्र नवरात्रि की अष्टमी के अवसर पर दोपहर 12 से 4 बजे तक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। बता दे की 9 दिन की विशेष आराधना के बाद हर वर्ष दोनों नवरात्रि में माता का भंडारा प्रसादी कार्यक्रम श्री कैला माता मंदिर परिसर में रखा जाता है जिसमें बड़ी संख्या में भक्तगण धर्म लाभ लेते हैं श्री कैला माता मंदिर पर स्थानीय भक्तों के अलावा दूर-दराज से भक्तजन अपनी समस्याओं के समाधान बीमारी के इलाज हेतु आते हैं और यहां होने वाले सभी आयोजन भक्तों के सहयोग से ही होते हैं। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मंगलवार को श्री केला माता मंदिर परिसर में पूजा अर्चना और हवन के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने पहुंचकर प्रसादी ग्रहण की।

# 20 अप्रैल तक भर सकेंगे भोज मुक्त विश्वविद्यालय की परीक्षा के फॉर्म




**सिंगोली।** भोज मुक्त विश्वविद्यालय

भोपाल के विभिन्न पाठ्यक्रमों में परीक्षा फॉर्म की अन्तिम तिथि 20.04.2024 है। इस संबंध में श्री वीरेन्द्रकुमार सखलेचा शासकीय महाविद्यालय सिंगोली जिला नीमच में संचालित भोज ओपन युनिवर्सिटी के अध्ययन केन्द्र 1404 के समन्वयक जावेद हुसैन कुरैशी ने जानकारी देते हुए बताया कि बीए,बीएससी,बीकॉम के द्वितीय एवं तृतीय तथा एमए,एमएससी, एमकॉम फाइनल ईयर के विद्यार्थियों के परीक्षा फॉर्म की अंतिम तिथि 20.04.2024 है साथ ही बीए,बीएससी,बीकॉम प्रथम वर्ष व एमए,एमएससी,एमकॉम प्रथम वर्ष के विद्यार्थी जिन्होने 13 जनवरी 2024 से पहले एडमिशन लिया है वे विद्यार्थी भी निर्धारित दिनांक तक परीक्षा फॉर्म भरना सुनिश्चित करें साथ ही सत्रीय कार्य की उत्तरपुस्तिका और पाठ्यसामग्री के लिए सम्पर्क करके अध्ययन केन्द्र से प्राप्त करें।

SAVE TREE
SAVE ENVI-
RONMENT

# जनसंपर्क के दौरान भाजपा प्रत्याशी सुधीर गुप्ता ने कहा



**10 वर्षो में विकास के कई कीर्तिमान स्थापित हुए**
**सुधीर गुप्ता ने शामगढ़ मंडल के ग्रामों में सघन जनसंपर्क किया**

**मंदसौर ।** संसदीयं क्षेत्र में 10 वर्षो में विकस के कई कीर्तिमान स्थापित हुए। शिक्षा के क्षेत्र में केन्द्रीय विद्यालय की सौगात मिली, तो 1600 करोड़ रूपये से अधिक की शामगढ़-सुवासरा सिंचाई योजना से किसानों को सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध हो रहा है। यहीं नही प्रथम चरण अमृत भारत स्टेशन योजना में शामगढ़ स्टेशन का आधुनिकीकरण हो रहा है। उक्त बात सांसद सुधीर गुप्ता ने शामगढ़ मंडल के विभिन्न ग्रामों में जनसंपर्क के दौरान कही।

भाजपा प्रत्याशी सुधीर गुप्ता ने कहा कि हमारा संकल्प ग्रामों के विकास और किसानों की उन्नति है। इसलिए हमारा संकल्प पत्र विकसित भारत के चार मजबूत स्तंभ युवाशक्ति, नारीशक्ति, गरीब और किसान को सशक्त करता है। महिलाओं को उन्नति के लिए हमने कई योजनाएं संचालित की है आगे भी कई योजनाओं में महिलाओं को प्राथमिकता दी जा रही है। 3 करोड़ महिलाओं लखपति दीदी योजना से जोड़ेंगे। किसानों को उन्नति हमारी सरकार की पहली प्राथमिकता है। पीएम सूर्य घर योजना से मुफ्त बिजली उपलब्ध कराई जाएगी। 70 साल से अधिक उम्र वाले वरिष्ठनागरिकों को अयुष्मान योजना से जोड़ेंगे। हर घर को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा। हर गरीब को पक्का घर देने की योजना जारी रहेगी।विधायक हरदीप सिंह डंग ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और सांसर सुधीर गुप्ता के प्रयासों से क्षेत्र में कई विकास कार्य हुए है। सिंचाई योजनाओं से किसानों के खेतों में पानी पहुंच रहा है। घरों को नल जल की योजना का लाभ मिल रहा है तो क्षेत्र में 14 हजार से अधिक प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवासो का निर्माण हुआ। उन्होने कहा कि रेलवे, शिक्षा सहित अन्य क्षेत्रों में भी सांसद सुधीर गुप्ता ने कोई कसर नही छोड़ी। उन्होने जनता से भाजपा को वोट करने की अपील की।

सुवासरा विधानसभा प्रभारी मदनलाल राठौर ने कहा कि अबकी बार 400 पार के संकल्प को लेकर हम आगे बढ़ रहे है और जिस तरह से मोदी सरकार के विकास कार्य किए है और क्षेत्र में विकास कार्य हुए है उससे 400 पार का संकल्प पूरा होगा। हर बूथ पर हमें 370 से अधिक वोटो से जितना है।जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्गा पाटीदार एवं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष प्रियंका गोस्वामी ने कहा कि मोदी सरकार में सबसे अधिक विकास ग्रामीण क्षेत्रों का हुआ है।

किसानों और महिलाओं के लिए अधिक योजना भाजपा सरकार में आई है।

भाजपा सरकार में महिलाओं को हर माह खाते में राशि आ रही है तो आने वाले समय में लखपति दीदी भी क्षेत्र की महिलाएं कहलाएगी। ज्जवला, नल जल योजना, आवास योजना, जन धन खातों जैसी योजनाओं ने महिलाओं का जीवन आसान किया। महिलाएं सभी मोदी सरकार के साथ ही ओर निश्चित ही हर घर एक बार फिर हमें कमल खिलाना है।


# राम नवमी के अवसर पर विहिप ओर आईएमए के द्वारा किया जाएगा राम किट का निशुल्क वितरण



**नीमच।** आजकल के भागदौड़ की जीवन शैली में अक्सर लोग खान-पान और दिनचर्या का ध्यान नहीं रख पाते हैं और कहीं ना कहीं हृदय संबंधी रोगों का शिकार बन जाते हैं कई बार सीने में दर्द होने और हार्ट अटैक जैसी स्थिति होने पर अधिकांश मरीज समय पर उपचार नहीं मिलने और अस्पताल देरी से पहुंचने के कारण अपने प्राण संकट में ले आते हैं ।विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री कैलाश मालवीय और नीमच इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के सचिव डॉ मनीष चमड़ीया ने संयुक्त रूप से बताया कि इन सब स्थिति को देखते हुए विश्व हिंदू परिषद और इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के द्वारा रामनवमी बुधवार 17 अप्रैल को निशुल्क राम किट का वितरण किया जा रहा है। इस संदर्भ में जानकारी देते हुए इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष और मशहूर हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अशोक जैन ने बताया कि कई बार अचानक लोगों को सीने में दर्द होता है समय पर प्राथमिक उपचार नहीं मिल पाने और समय पर हॉस्पिटल नहीं पहुंचने के कारण इस तरह की स्थिति जानलेवा बन जाती है ।जब भी सीने में दर्द, घबराहट, पसीना आना जैसी स्थिति बने उस समय सामान्य तौर पर बाजार में मिलने वाली इकोस्प्रिन 75 एमजी और सॉर्बिटेट 5 एमजी गोली ले लेना चाहिए, इकोस्प्रिन को सीधे तौर पर पानी से और सॉर्बिट्रेट को जीब के नीचे रखकर जल्द से जल्द अस्पताल पहुंचना चाहिए, इकोस्प्रिन और सॉर्बिट्रेट के कारण हार्ट अटैक की स्थिति में मरीज को गोलियों से थोड़ा समय मिल जाता है जिससे नजदीकी अस्पताल पहुंचा जा सकता है ।इन जीवन रक्षक गोलियों से बनी हुई किट का निशुल्क वितरण विश्व हिंदू परिषद और इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की ओर से स्थानीय पुस्तक बाजार के समीप भारत माता चौराहा पर रामनवमी बुधवार शाम 7:00 बजे किया जाएगा, किट में परिस्थिति दिशानिर्देश सावधानियां और गोलियां लेने का विवरण प्रदर्शित है ।

विश्व हिंदू परिषद जिलाअध्यक्ष शैलेंद्र गर्ग और इंडियन मेडिकल एसोसिएशन जिला अध्यक्ष डॉक्टर अशोक जैन ने अपील की है कि 50 वर्ष से अधिक और बीपी की शिकायत वाले लोग अधिक से अधिक संख्या में भारत माता चौराहे पर पहुंच कर इस किट को प्राप्त करें और अपने पास रखें ।

# विद्यासागर जी महाराज के बाद आचार्य बने समय सागर जी महाराज



**नीमच।** दिगम्बर जैन सम्प्रदाय के सबसे बड़े मुनि महाराज आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के 18 फरवरी 2024 को समाधि मरण के पश्चात विद्यासागर जी महाराज के गृहस्थ जीवन के छोटे भाई मुनि श्री समयसागर जी महाराज को कल दिनांक 16 अप्रैल 2024 को कुन्डलपुर जिला दमोह में आचार्य पद दिया गया है। एक नये युग की शुरुआत हो रही है।

एक बार फिर श्रमण संस्कृति के इतिहास में यह दिन दर्ज होगा।

उल्लेखनीय है कि इस संघ में एक ही आचार्य पद की परम्परा है एवं मुनि दीक्षा से पहले अनेक कठिन साधना, आराधना,तप,त्याग की प्रक्रिया पूरी करने के बाद ही एलक फिर छुल्लक तत्पश्चात मुनि दीक्षा दी जाती है। संघ में अनेक साधू संत बहुत शिक्षीत है कोई लाखो रुपए की नौकरी छोड़कर तो कोई गूगल की जॉब छोड़कर कोई सी.ए. है तो कोई बड़े से बड़े व्यवसाय को छोड़कर मोक्ष मार्ग की राह पर चल पड़े हैं।

समय सागर जी महाराज आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के गृहस्थ जीवन के छोटे भाई है इसलिए आचार्य नहीं बनें है अपितु विद्यासागर जी महाराज ने ही समय सागर जी महाराज को सबसे पहले दीक्षा दी है।

कर्नाटक के सदलगा में 27 अक्टूबर 1958 को समय सागर जी का जन्म हुआ। 2 मई 1975 को ब्रह्मचर्य व्रत लिया। 18 दिसम्बर 1975 को छुल्लक दीक्षा हुई। मुनि दीक्षा 8 मार्च 1980 में सिद्ध क्षेत्र द्रोणागिरी छतरपुर में हुई।

आपने तीस हजार श्लोक प्रमाण संस्कृत एवं प्राकृत में रचनाएं की है।

कुंडलपुर में समय सागर जी महाराज विद्यासागर जी महाराज के उत्तराधिकारी बनें है।

आचार्य श्री समयसागर जी महाराज के उच्च सिंहासन पद ग्रहण करते समय अनेक वाद्य यंत्रों की सुमधुर लहरियों से वातावरण गुंजायमान हो उठा।

इस मंगलमय अवसर पर पूरे भारत देश के कोने कोने से लगभग 350 मुनि महाराज एवं माताजी उपस्थित रहे।

देश भर से लाखों श्रद्धालु भी इस ऐतिहासिक पल के साक्षी बने है।

भावी आचार्य बनने से पूर्व निर्यापक मुनि के रूप में अंतिम आहार कराने का सौभाग्य जैन जगत के भामाशाह श्री अशोक जी पाटनी (किशनगढ़) को प्राप्त हुआ।

कुंडलपुर में आचार्य पदारोहण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

इधर दिगम्बर जैन समाज नीमच का एवं नीमच शहर का भी पावन सौभाग्य है कि यहां परम पूज्य आचार्य श्री विशुद्ध सागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि श्री प्रशमसागर जी महाराज एवं साथ में पांच महाराज जी विराजित हैं। एक तरफआचार्य पद मिला है, दूसरी तरफ समाज में मुनि महाराज विराजित हैं। पूरे समाज में उत्साह की लहर है।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक एवं मुद्रक ऐश्वर्य शर्मा के लिए माँ भगवती प्रिन्टर्स बंगला-23, नीमच, जिला-नीमच, मध्यप्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पर्क: ऐश्वर्य शर्मा (संपादक)- 9407423966, राधवेन्द्र शर्मा (प्रबंधक)- 9301678930। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नीमच होगा।